ज्ञापन

- प्रेरक

  मुनिराज श्री जयानन्दमुनि जी महाराज

- चरित्र लेखिका व शब्दार्थ कारिका

  साध्वजी हेमप्रभाश्री जी महाराज एम. ए.

- सग्राहक

  पुरातत्वविद् श्री अगरचन्दजी नाहटा, बीकानेर

- भूमिका लेखक

  ईश्वरलाल चुन्नीलाल लूणिया

- सपादक

  सोहनराज भंसाली, जोधपुर.

- प्रकाशक

  श्री जिनदत्तसूरि ज्ञान भण्डार बम्बई

- द्रव्य सहायक

  खरतर गच्छ जैन संघ, जोधपुर
  खरतर गच्छ जैन संघ बम्बई

- आवरण पृष्ठ

  ऋषभ आर्टस्, जोधपुर।

- मुद्रक

  इण्डिया प्रिण्टर्स, जोधपुर

- मूल्य

  २ रु ५० पैसे

प्रतियाँ १०००

गणि बुद्धिमुनिजी महाराज

समर्पण

जिन्हें श्रीमद् के प्रति अगाध श्रद्धा थी, जिन्हें श्रीमद् के सैंकड़ों
पद, स्तवन, सज्झाएँ कंठस्थ थी, जिनकी प्रेरणा से श्रीमद् की
कई रचनाओ का गुजराती में प्रकाशन हुआ, ऐसे परम-
पूज्य संयमशील गुरुवर्य, स्वर्गीय गणि बुद्धि
मुनिजी महाराज साहब की परम
पुनीत आत्मा को यह पुस्तक
सादर समर्पित
है ।

आपके बाल
जयानन्द

भूमिका

स्वानुभव जैन धर्म का गुण है। यह दर्शन सकल्प का है फिर भी उसमे भक्ति का स्थान है। जैन धर्म विश्व धर्म बनने का सर्व गुणो से विभूषित है। जगत् के समस्त जीवो में मानव प्रधान है। इसी कारण मानव देह की प्रतिष्ठा है। केवल आत्म तत्व पर निर्भर धर्म देह की महत्ता को स्वीकार करता है। फिर भी महापुरुषो ने आत्मा और देह की भिन्नता को अभेद माना है। स्व सवेदन द्वारा स्वय की बाह्य प्रवृतियो से परे होकर महापुरुषो ने अन्तर आनन्द को ढूँढ कर, जानकर और ससार के कल्याण के लिए शुद्ध स्वरूप से विश्व मे प्रचारित किया था।

आत्मा की पुष्टि के लिए परम पुरुषो ने अभिव्यक्त की वाणी अनन्त धर्मों ने स्याद्वाद द्वारा समझाई है। अनन्त धर्म से व्याप्त भावो से भरी हुई व्यक्ति के जीवन में वात्सल्य, करूणा आदि सहज भाव से प्रकट होती है। अन्य जीवो को स्व-स्वरूप समझ सकते है, इसलिए इसके आचरण मे अहिंसा का दर्शन सरलता से देखने को मिलता है। इस कारण से उच्च पुरुषों के सानिध्य मे स्व–ज्योति को प्रकट कर आत्मिक उत्थान मे गति करते हैं और अन्त मे मोक्ष गामी बनते है।

आत्म तत्व परमार्थिक दृष्टि से समान है। कर्म-जन्य न्यूनाधिक दृष्टि गोचर होती है। ज्ञान आदि रत्नत्रय की रमणता का मुख्य लक्ष्य वहाँ तक रहता है जहाँ तक आत्म निष्पत्ति की प्राप्ति न हो। इन्द्रिय भोगो का रोध प्रभु की मूर्ति से होता है इसलिए जिनेश्वर भगवान् की पूजा स्व की पूजा है। इसी कारण आगम और मूर्त्ति को परम आलबन माना है। अविद्या को दूर करने का यह एक अमोघ उपाय है।

श्रीमद् की कृतियाँ हैं। आगमसार लघु पुस्तक होते हुए भी विशाल है। इसमे अल्प मे अधिक अर्थात् गागर मे सागर भर दिया गया है। जगत मे गीता प्रसिद्ध है। उसमे भी अध्यात्म गीता श्रेष्ट है। आत्मा के निस्तार के लिए अध्यात्म गीता का स्वाध्याय परमावश्यक है। इस गीता से प्रभावित होकर परम पूज्य उपाध्याय श्रीमद् लब्धिमुनिजी महाराज साहब ने जीवन के अन्तिम वर्षों मे इस गीता को कठस्थ की थी और नित्य उसका स्वाध्याय करते थे। इस अनुपम कृति का स्वाद तो अध्यात्म प्रेमी, भक्त हृदय ही अनुभव कर सकता है।

श्रीमद् गच्छ के कदाग्रही नही थे। सत्य अन्वेषक सर्व को समान मानता है। इस महापुरुष ने न्याय विशारद श्रीमद् यशोविजयजी महाराज साहब की रचना ज्ञान मार के ऊपर ज्ञान मजरी नामक टीका की रचना की। यह उनके उदार दृष्टिकोण का ही प्रतीक है। आचार्य बुद्धिसागर सूरिजी ने भी सत्य के साथी बनकर देवचन्द्रजी महाराज साहब का साहित्य प्रकाशित किया है। नाना भाँति के पुष्पो से वनी माला अलग-अलग सौरभ को सकलित करके श्रेष्ट सुगन्ध को प्रसारित करती है। प्रस्तुत पुस्तक मे सकलित विविध प्रकार के पुष्पो की महक सर्वत्र व्याप्त होगी ऐसी आशा की जाती है। आध्यात्मिक साहित्य की कृति जब प्रकाशित होती है तब आत्मार्थी व्यक्तियो को आनन्द की अनुभूति होती है। इनके ज्ञान को समझने मे यदि अल्पज्ञ व्यक्ति प्रयत्न करे तो विद्वान जगत मे उपहास का कारण ही बनेगा। फिर भी भाव की वृद्धि मे सर्व गौण बन जाता है।

प्रिय वाचक वृन्द—

यह पुस्तक जिनकी प्रेरणा और मार्ग-दर्शन मे प्रकाशित हो रही है वह परम पूज्य गुरु देव श्री जयानन्द मुनिजी महाराज साहब की गुरु कृपा से प्राप्त हुई ज्ञान की भट है। इस उपहार से हम सब आनन्द के साथ ज्ञान प्राप्त करके मानव जीवन को सफल करे। अनन्त जन्म की अपेक्षा से मानव जीवन की कल्पना अश मात्र ही है। सर्व कोई ज्ञान के सागर को प्राप्त करके भव सागर तैर कर निजानन्द के सागर को प्राप्त हो यही भव्य अभिलाषा है।

माडवी कच्छ दि० १-५-७७ (गुजरात)

ईश्वरलाल चुन्नीलाल लूणिया

वक्तव्य

महान अध्यात्मयोगी द्रव्यानुयोग के महान ज्ञाता एव अपनी अनेक सुन्दर व विद्वतापूर्ण रचनाओं द्वारा स्व और पर का महान् उपकार करने वाले श्रीमद् देवचन्द्रजी महाराज रचित प्रकट-अप्रकट स्तवन, सज्झाय, पद आदि प्रकाशित करके अध्यात्म प्रेमी महानुभावो के कर कमलो मे रखते हुए हमे अत्यन्त हर्ष का अनुभव हो रहा है।

आज से पैतीस वर्ष पूर्व परम पूज्य गुरुदेव श्री बुद्धिमुनिजी महाराज साहब की प्रेरणा से एक पुस्तिका गुजराती भाषा मे प्रकट की गई थी परन्तु हिन्दी भाषी क्षेत्रो के लोग जो गुजराती भाषा पढने मे असमर्थ हैं, वे इस पुस्तक मे लाभ उठाने में सर्वथा वंचित रहे। अत मेरी दीर्घ काल से यह इच्छा थी कि हिन्दी भाषा मे श्रीमद् देवचन्द्रजी के प्रकट-अप्रकट स्तवन, सज्झाय पद आदि सग्रहकर एक बडी पुस्तक प्रकाशित की जाय।

वीर सवत् २५०० मे जब मेरा चतुर्मास जयपुर मे था, उस समय बीकानेर निवासी विद्वान व पुरातत्वविद सुश्रावक श्री अगरचदजी नाहटा दर्शनार्थ वहाँ आए थे। उन्होने मुझे बताया कि श्रीमद् देवचन्द्रजी के अप्रकट स्तवन सज्झाय मुझे और भी मिली है, जो अभी तक मुद्रित नही हुई है। उसी समय मेरे मन मे विचार आया कि श्रीमद् की इन अप्रकट रचनाओ के साथ साथ उनकी अन्य लोक प्रिय रचनाओ का सग्रहकर हिन्दी भाषा मे एक पुस्तक प्रकट करवानी चाहिए। मैंने नाहटा साहब से इन रचनाओ का संग्रहकर मेरे पास भेजने का प्रस्ताव किया।

वीर सवत् २५०१ मे जब मेरा चतुर्मास जोधपुर मे हुआ तब यहाँ के श्री संघ को प्रस्तुत पुस्तक को मुद्रित कराने के लिए कहा। तत्कालीन खरतरगच्छ जैन सघ के अध्यक्ष श्री जवरमलजी चोरडिया, सचिव प्रकाशमलजी पारख तथा श्री गुमानमलजी पारख, श्री उगमराजजी भमाली एडवोकेट आदि सज्जनो ने इस पुस्तक के प्रकाशन मे पूरा सहयोग देने की स्वीकृति प्रदान की।

श्रीमान अगरचदजी नाहटा ने प्रस्तुत रचनाओ को सग्रह कर मेरे पास भेज दी।

विदुषी साध्वीजी श्री अनुभव श्री जी की विद्वान शिष्या साध्वीजी हेम प्रभा-श्री जी ने सग्रहीत रचनाओ मे प्रयुक्त कठिन शब्दो का सरल अर्थ कर तथा कुछ टिप्पणिया लिखकर पाठको को अर्थ समझने मे सरल कर दिया है।

प्रूफ सशोधन और सपादन का कार्य श्रीमान् सोहनराजजी भंसाली ने अत्यन्त रुचि एव लगन पूर्वक किया है जो अत्यन्त सराहनीय है।

अन्त मे, मैं इतना अवश्य कहना चाहूँगा कि प्रस्तुत पुस्तक इतनी जल्दी प्रकाशित होने का मुख्य श्रेय साध्वीजी श्री हेम प्रभा श्री जी, श्रीमान् अगरचन्दजी नाहटा एव श्रीमान् सोहनराजजी भसाली को है। यदि इन महानुभावो का सहयोग न मिला होता तो यह पुस्तक अब तक प्रकाशित न हो पाती।

महान् उपकारी श्रीमद् देवचन्द्रजी महाराज कृत स्तवन, सज्झाय, पद आदि का अध्ययन चिन्तन मनन करके भव्य आत्मा कल्याण करे, यही मनोकामना करता हूँ मैं आशा करता हूँ कि इसी तरह श्रीमद् देवचन्द्र कृत ध्यान चतुष्पदी दीपिका भी शीघ्र प्रकाशित होकर भक्तजनो के हाथो मे पहुँचेगी।

प्रस्तुत पुस्तक के प्रकाशन मे द्रव्य सहायता जोधपुर खरतर गच्छ जैन सघ ने दी है अत इसके लिए जोधपुर सघ धन्यवाद का पात्र है।

जैन मन्दिर
गान्धी नगर,
जोधपुर

गणि श्री बुद्धिमुनिजी महाराज
साहब के शिष्य
जयानन्द मुनि

अठारहवी शताब्दी के महान् संत, आदर्श विभूति, जैन-आगम साहित्य के प्रकाँड पडित तथा जैन–द्रव्यानुयोग के प्रखर अध्येता एव व्याख्याता श्रीमद् देवचन्द्र जी की कुछ प्रकट–अप्रकट रचनाओ का संग्रह "श्रीमद् देवचन्द्र पद्यपीयूष" पुस्तक का सम्पादन श्रीमद् के चरणो मे श्रद्धाँजलि अर्पण करने का मेरे लिए एक अपूर्व एव सुन्दर अवसर है।

परम पूज्य गुरूदेव मुनिराज श्री जयानन्दमुनिजी महाराज सा॰ के पाली चतुर्मास के बाद नागौर जाते हुए जब जोधपुर पधारे तब मै कुशल भवन मे आप श्री के दर्शनार्थ गया। उस समय महाराज श्री ने प्रस्तुत पुस्तक की प्रेस कॉपी मुझे दी और बोले इसे देखिए, छपवाना है।

प्रेस कॉपी का अवलोकन कर मैंने कुछ सुझाव महाराज श्री के सम्मुख रखे। मेरे सुझावो को सुनकर महाराज श्री ने कहा "आप जैसा चाहे" इस तरह के सुधार करे, इसके संपादन की जिम्मेदारी आपको ही उठाना है।

मैं सकोच मे पड गया। मेरे पास न तो आध्यात्मिक पृष्ठ भूमि है, न ही जैन तत्व ज्ञान का गहरा अध्ययन है, और न प्राचीन भाषाओ का परिपक्व ज्ञान ही। ऐसी वस्तु-स्थिति मे किस आधार पर इस पुस्तक के सम्पादन की जिम्मेदारी स्वीकार करता। पर महाराज श्री की आज्ञा को अस्वीकार करना भी मेरे लिए सभव नही था। अत गुरूदेव के आशीर्वाद व मार्गदर्शन का सम्बल प्राप्त कर मैंने इस जिम्मेदारी को स्वीकार कर लिया।

प्रस्तुत पुस्तक "श्रीमद् देवचन्द्र पद्य-पीयूष" मे सग्रहीत रचनाओ में कुछ एक को छोड कर सभी स्तवन, सज्झाएँ, पद आदि का सग्रह जैन समाज के जाने माने पुरातत्व विद्, प्राचीन जैन साहित्य के उद्धारक तथा जैन शास्त्र भडारो के अन्वेषक श्रीमान् अगरचदजी नाहटा बीकानेर ने किया है।

इन सग्रहीत रचनाओ मे कुछ एक तो ऐसी हैं जो नाहटा जी ने स्वय शोधकर शास्त्र भडारो से बाहर निकाली है, जो अभी तक कही प्रकाशित नही हुई हैं। कुछ रचनाए ऐसी भी सकलित की गई हैं जो इस के पूर्व छप तो चुकी है परन्तु वे गुजराती मे छपी है। अत. हिन्दी भाषी लोगो के लिए तो प्रस्तुत पुस्तक मे प्रकट रचनाएँ अधिकतर नई और पहली बार ही छपी है।

पाठको की सुविधा के लिए प्रस्तुत पुस्तक की रचनाओ को पाच खण्डो मे विभाजित किया गया हैं, जो निम्न प्रकार है—

१. जिनेश्वर देवो की स्तवन–स्तुतियां

२ तीर्थ स्थल व विविध स्थानो के मन्दिरो से सबधित स्तवन–स्तुतियां

३ तप, पर्व, महोत्सव सबधी रचनाएं

४ जिनराज आगिक वर्णन

५ सज्झाय व गहूँली

श्रीमद् जैसे बहुमुखी प्रतिभा के धनी व आदर्श सत की रचनाओ का रसास्वादन करने के पूर्व ऐसे असाधारण सत कवि के जीवन के संबध मे उनके व्यक्तित्व एव कर्त्तृत्व के विषय मे भी जानकारी की जिज्ञासा एव उत्सुकता रहना स्वाभाविक ही है। अत श्रीमद् का जीवन चरित्र भी प्रस्तुत पुस्तक मे विस्तार से दे दिया गया है।

श्रीमद् की रचनाओं मे प्रयुक्त शब्दो के अर्थ व आवश्यक टिप्पणियां भी दे दी गई है। इससे पाठको को अर्थागम व कवि के भावो को समझने में कुछ सरलता व सुविधा होगी, साथ ही अर्थ समझ कर पाठ करने से विशेष आनन्द की अनुभूति हागी ।

श्रीमद् देवचन्द्रजी महाराज की प्रत्येक रचना आध्यात्मिक भावो से ओत-प्रोत है। प्रत्येक पद मे आध्यात्मिकता स्पष्ट रुप से परिलक्षित होती है। दूसरी विशेषता जो भक्ति की अतिशयता है वह अध्यात्मिक्ता के साथ स्वर्ण मणिवत् संयोग है। यद्यपि वे स्वय जैन दर्शन के कर्त्ता स्वतन्त्र पद का प्रतिपादन करते हैं कि आत्मा स्वयं, स्वयं के ही पुरुषार्थ द्वारा अनादिय रक दशा से मुक्त बनेगी किन्तु निमित कारण का भी कम महत्वपूर्ण स्थान नही। अतएव अतिशय भक्ति को व्यक्त करने वाले भावों को व्यक्त करते समय प्रभु वीतरागदेव जो कि उपादान शुद्धि के लिए निमित्त कारण है, उनमें ही कही कही कर्त्ता पद का आरोप कर देते हैं। प्रभु से अनुनय-विनय करते हैं। आत्म शुद्धि के लिए, आत्म मुक्ति के लिए वार-बार प्रार्थना करते हैं। अतिशय भक्ति के क्षणो मे ऐसे उद्गार निकले हैं जैसे कि—

तार हो तार प्रभु मुझ सेवक भणी
जगत में एटलु सुजश लीजे
दास अव गुण भर्यो जागी पोतातणो
दया निधि दीन पर दया कीजे ॥

जैन दर्शन मे ऐसे ईश्वर को कोई स्थान नही है जो इस जगत का कर्त्ता, धर्ता या हर्ता हो। जैन मतानुसार ईश्वर का परवाना किसी एक व्यक्ति को प्राप्त नही है। संसार का कोई भी व्यक्ति स्वात्मा का विकास और उत्क्राति कर परमपद प्राप्त कर सकता है। नर से नारायण बन सकता है, ईश्वरत्व की प्राप्ति कर सकता है।

श्रीमद् ने अपनी कविताओ मे भगवान का गुण गान कर अपने गुणो को उभारा है, उनके दर्शन कर अपने स्वरूप का दर्शन करना चाहा है। भगवान् के जीवन की याद कर अपने जीवन का निर्माण करने का प्रयास किया है। उनके साधना मार्ग को स्मरण कर अपना साधना मार्ग प्रशस्त किया है। उनके त्याग और तप से प्रेरणा लेकर स्वय को ऊपर उठाने का प्रयत्न किया है। श्रीमद् ने अपनी रचनाओ मे जैसा इस जैन सिद्धान्त का निर्वाह किया है, वैसा शायद कोई कवि नही कर सका ।

श्रीमद् एक उच्च कोटि के कवि ही नही वे एक आदर्श सत भी थे उनकी प्रत्येक कविता में सत वाणी उजागर होती हैं। उनके हर पद मे जैन दर्शन प्रस्फुटित होता है। सचमुच उन्होने अपनी कविताओ में जैन सिद्धान्त रूपी सागर को गागर मे भर दिया है। श्रीमद् के स्तवन, स्तुतिया, पद, सज्झाएँ जब भक्त लोग मधुर लय मे गाते हैं, तब श्रोता जन भी झूमने लग जाते है और उस समय सब के हृदय मे एक अपूर्व आत्मानुभूति जागरित होती है। स्वर्गीय प० चैनसुखदासजी ने ठीक ही कहा है—"सत जब कवि की भाषा मे बोलता है तब उसका माधुर्य इतना आकर्षक बन जाता है कि भक्ति साकार होकर हमारे सामने आ जाती है ।"

जीवन चरित्र का आलेखन–

हमारे अनुरोध को स्वीकार कर श्रीमद् के जीवन चरित्र का आलेखन तथा शब्दार्थ का कार्य परम पूजनीय साध्वीजी श्री अनुभवश्रीजी की विदुषी शिष्या साध्वीजी श्री हेमप्रभाश्रीजी एम० ए० (दर्शन शास्त्र) ने किया है जिसके लिए मैं उनका हार्दिक आभार प्रकट करता हूं। श्रीमद् के जीवन चरित्र मे आवश्यक सशोधन या परिवर्द्धन आपकी स्वीकृति से किया गया है ।

विदुषी साध्वीजी श्री मणिप्रभाश्रीजी एम० ए० ने समय समय पर बड़ी लगन एव तत्परता से मार्ग दर्शन दिया है अत उनके प्रति आभार प्रकट करता हूँ ।

भूमिका–

श्रीमद् के परम भक्त एव जैन विद्वान माडवी, कच्छ (गुजरात) निवासी श्री ईश्वरलाल चुन्नीलाल लूणिया ने प्रस्तुत पुस्तक की भूमिका लिख भेजी है जिसके

लिए हम उनके अत्यन्त आभारी हैं। भूमिका की भाषा गुजराती होने मे उसका हिन्दी अनुवाद कर दिया गया है। अनुवाद करने मे कोई भूल रह गई हो तो लेखक महोदय क्षमा करे।

श्रीमद् के हस्त लिखित अक्षर—

श्रीमद् का कोई चित्र उपलब्ध नही है, अत उनकी हस्त लिखित अक्षर देह की एक प्रति जो स० १७७६ की है, उसका ब्लॉक बनवाकर प्रस्तुत पुस्तक मे समावेश किया गया है।

श्रीमद् की चरणपादुका के देरी का चित्र भी देने का विचार था पर खेद है वह उपलब्ध नही हो सका।

पुस्तक मे प्रकाशित रचनाओं प्रयुक्त भाषा के विषय मे निवेदन यह है कि इसकी भाषा तात्कालिक प्रयोग का समन्वित रूप है जिसमे अपभ्र श, हिन्दी गुजराती, राजस्थानी आदि सबका सम्मिश्रण है इसमे प्रयुक्त शब्दावली उस युग के बोल च ल व भाषा का मानक, प्रमाणिक रूप है जिसे आधुनिक काल के परिपेक्ष्य मे अशुद्ध न माना जाय।

पुस्तक को सुन्दर, सरस और बडे टाइप मे सर्व जन ग्राह्य बनाने का अपनी क्षमतानुसार प्रयास किया है। प्रूफ आदि के देखने मे यथा सभव सावधानी रखी गई है, फिर भी दृष्टि–दोष व मतिभ्रम से जो भूले या कमिया रह गई है, उनकी ओर पाठक ध्यान दिलाए गे तो अगले सस्करण मे उनका परिष्कार किया जा सकेगा।

भक्त लोग प्रस्तुत प्रकाशन मे आध्यात्मिक प्रेरणा प्राप्त कर इस से लाभ उठाए गे तो, हम (प्रेरक, सग्राहक, सपादक शब्दार्थ कारिका आदि) अपने प्रयास को सार्थक समझेगे।

प्रस्तुत पुस्तक के प्रकाशन मे जिन्होने आर्थिक या बौद्धिक सहयोग प्रदान किया है उन सबका हार्दिक अभिवादन करता हू।

कुशलम् सोहनराज भंसाली

१६२ डी, शास्त्री नगर, जोधपुर
वैशाख पूर्णिमा वीर स० २५०३

अनुक्रमणिका

अनुक्रमणिका

श्रीमद् देवचन्द्र

सन्त सदा ही देश और समाज के पथ-प्रदर्शक रहे हैं क्योंकि वे आत्म सौन्दर्य की खोज में समस्त सासारिक इच्छाओं के विजेता होते हैं। वे वैराग्य की मस्ती मे अपने समग्र जीवन को समर्पित कर देते हैं। जैसे जैसे आत्मा की अनन्त गहराई में उतरते हैं वैसे वैसे उसमें "आत्मवत् सर्व भूतेषु" की भावना बढती जाती है। मैत्री भाव का पावन स्रोत उसकी अन्तरात्मा से फूट पडता है। यही कारण है कि उनकी साधना 'स्वान्तसुखाय' होते हुए भी 'परजनहिताय' बन जाती है। उनकी वाणी देश काल की सीमा को लाघकर मानव मात्र की उपकारक होती है उनकी कृतियो मानव-जीवन की समस्त गुत्थियो का ठोस आध्यात्मिक हल देने के साथ आत्मविकास की सर्वांगीण मीमासा करती हैं, अत एव वे मानव-जाति की अमूल्य धरोहर बन जाती है।

जब कभी धरती का पुण्य जगता है, समय का भाग पलटता है तब ऐसी विभूतियां अवतीर्ण होती हैं। श्रीमद् देवचन्द्र १८ वी शताब्दी की ऐसी ही एक विरल विभूति थे, जिन्होने अपनी ज्ञान और सयम की साधना से एक ऐसी ज्योति दी जो प्रकाश स्तम्भ (Search Light) की तरह अज्ञान के अंधेरे मे भटकती हुई मानव जाति को दिशा निर्देश करती रहेगी।

श्रीमद् प्रकाण्ड विद्वान, समर्थ लेखक, भक्त-कवि ही नही किन्तु अध्यात्मयोगी महापुरुष थे।

जन्म और दीक्षा—

पुण्यभूमि भारत के इतिहास मे राजस्थान का स्थान महत्वपूर्ण है। इस महिमा शाली धरा ने जहा आन पर प्राण न्यौछावर करने वाले वीरो को जन्म दिया वहा भक्तिरस की सरिता वहाकर जन मानस के विकारो को धो डालने वाले भक्तो और नैतिक-जीवन की पावन प्रेरणा देने वाले सन्तो को भी जन्म दिया।

उसी राजस्थान मे धवल-धोरो से घिरा हुआ बीकानेर शहर है, जिसकी अपनी निराली प्राकृतिक शोभा है।

"उनाले मे तपे तावडो लू आँरा लपका। रातडली इमरत वरसावे नीदा रा गुटका॥

कठोर जलवायु मे पलने के कारण यहा के निवासी स्वभाव से ही वडे परिश्रमी, सहिष्णु और साहसी होते हैं। बीकानेर राज्य के राजनैतिक, धार्मिक, सास्कृतिक एव आर्थिक निर्माण मे यहा के जैनो का वडा योगदान रहा है। मत्री कर्मचन्द बच्छावत की राज्य और राज्य की जनता के लिए की गई सेवाए भारतीय इतिहास मे सदा अमर रहेगी। उन्होंने अनेक लड़ाइयाँ लडकर युद्ध के मैदान मे विजय श्री प्राप्त की। यहा के जैनो ने समय आने पर राज्य और प्रजा की तन, मन, धन से सेवा की है। ये जितने कौशल से धन कमाना जानते है उसमे कई अधिक गुणा औदार्य से उसका सदुपयोग करना भी उन्हे आता है। "शत हस्त समाहरेत" और सहस्त्र हस्त स किरेत' उनका सच्चा जीवन सूत्र रहा है।

इसी बीकानेर के समीपवर्ती एक गाव मे, ओसवश के लूणिया गोत्र मे सवत १७४६ मे श्रीमद् का जन्म हुआ था। आपके पिता का नाम तुलसीदास जी एव माता का नाम धनाबाई था। जब श्रीमद् गर्भ मे थे तभी इन भाग्यशाली दम्पति ने खरतरगच्छीय विद्वान वाचक वर्य श्री राजसागर जी के सम्मुख यह प्रतिज्ञा कर ली थी कि यदि पुत्र हुआ तो वे उसे जैन शासन को सेवा हेतु उन्हे अर्पण कर देगे।

कहा जाता है कि जब श्रीमद् गर्भ मे थे तब धना बाई ने एक स्वप्न देखा था कवि।गण न उस स्वप्न का वर्णन अपने शब्दो मे इस प्रकार किया है—

शय्या मे सुताथका किंचित जागृत निंद।
मेरु पर्वत उपरे मिली चौसठ इन्द्र॥
जिन पडिमानो ओछव करे मिलिया देव महान।
ऐरावण पर वेसी ने देता सहुने दान॥

एहवूं सुपनते देखी ने थया जागृत तत्काल ।
अरूणोदय थयो तत् क्षिण, मन में थयो उजमाल ।।

स्वप्न में सुमेरू पर्वत पर इन्द्रो द्वारा प्रभु के जन्म महोत्सव का दृश्य देखकर देवी घन्ना का रोम-रोम पुलकित हो उठा । इस स्वप्न का क्या फल होगा यह जानने की तीव्र उत्कंठा पैदा हुई । सौभाग्य से गच्छनायक श्री जिनचन्द्रसूरिजी का कुछ दिनो के बाद ही वहा शुभागमन हुआ । पुण्यवान दम्पत्ति ने उनके समक्ष अपने स्वप्न की चर्चा की । यह सुनकर आचार्य श्री अत्यन्त प्रसन्न हुए और बोले कि देवी ! तुम्हे एक महान भाग्यशाली पुत्र रत्न की प्राप्ति होगी । यह पुत्र या तो छत्रपति होगा या सर्व विद्यानिधान पत्रपति होगा । यह सुन माता को बडा हर्ष हुआ ।

आचार्य श्री के कथनानुसार स. १७४६ मे बालक का जन्म हुआ । नवजात बालक का नाम देवचन्द्र रखा गया । जब बालक ८ वर्ष का हुआ तब वाचकवर्य राज सागरजी विहार करते हुए पुन वहा पधारे । माता-पिता ने अपनी भावना और प्रतिज्ञा को स्मरण कर उस पुत्ररत्न को गुरुदेव के चरणो मे समर्पित कर दिया । दो वर्ष तक बालक देवचन्द को राजसागरजी ने अपने पास मुमुक्षु के रूप मे रखा । बालक की तीव्र बुद्धि, आलौकिक प्रतिभा एव विशिष्ट गुणो को देखकर गुरु श्री ने शुभ मूहुर्त में स १७५६ मे सकल स घ की उपस्थिति मे मुनिधर्म की दीक्षा दी । अब आप का नाम राज विमल रखा गया । दो वर्ष के पश्चात् आपकी बडी दीक्षा आचार्य श्री जिन चन्द्रसूरि[1] के सानिध्य मे सम्पन्न हुई यद्यपि आपका नाम-राज विमल जी रखा गया किन्तु वे श्रीमद् देवचन्द्र के नाम से ही प्रसिद्ध हुए। केवल उनकी दो एक कृतियो मे राज विमल नाम मिलता है ।

१-खरतर-गच्छ मे प्रत्येक चौथे पट्टधर का नाम जिनचन्द्रसूरि रखने की प्राचीन परंपरा है । ये जिन चन्द्र सूरि ६५ वे पट्टधर थे । इनका शासनकाल १७११ से १७६२ तक रहा ।।

ज्ञानोपासना और संयमसाधना—

सदगुरु और शिल्पी दोनो एक समान होते हैं। शिल्पी एक अनघड पत्थर को काट–छीलकर उसे सुन्दर मूर्ति का रूप प्रदान कर देता हैं। वैसे सद्गुरु भी ज्ञान-ध्यान, तप और त्याग की छैनी से तराश कर शिष्य के जीवन का नव निर्माण कर देता है। यहि कारण है कि गुरु की महिमा प्रभु से भी अधिक बताई है । कबीर के शब्दो मे—

> 'गुरु गोविन्द दोनो खडे का के लागू पाय।
> बलिहारी गुरुदेव की, गोविन्द दियो बताय' ॥

केवल दीक्षा देने मात्र से कुछ नही होता, उसके साथ आवश्यक है शिक्षा देना। श्रीमद् के गुरु इस तथ्य से भली भाँति परिचित थे। श्रीमद् के रूप मे तो उन्हे एक कोह-ए-नूर मिला था। आवश्यकता थी उसे निखारने की, उनकी अनत आभा को उजागर करने की।

श्रीमद् कुशाग्र बुद्धि वाले तो थे ही साथ ही बडे अध्ययनशील थे। अपने गुरु-जनो के प्रति भी उनके हृदय मे अनन्य श्रद्धा, अगाधभक्ति एवं सहज विनयभाव था। अत वाचक राजसागर जी, पाठक ज्ञानधर्म जी एव दीपचन्द्रजी ने प्रसन्न हो मुक्त हृदय से आपको ज्ञानदान दिया। मा भारती की असीमकृपा, ज्ञानदाता गुरुजनों की लगन, अपनी तीव्र बुद्धि एव अध्ययननिष्ठा के कारण अल्प समय मे ही आप व्याकरण, काव्य–कोप, छन्द अलकार, न्याय-दर्शन, ज्योतिष कर्म साहित्य एव आगमसाहित्य के तलस्पर्शी अध्येता एव व्याख्याता बन गये। ज्ञानोपासना की तीव्रता मे आपने दिगम्बर ग्रन्थो को भी अछूता नही छोडा था। आपकी विद्वत्ता का वर्णन करते हुए कवियण कहते हैं—

> " सकल शास्त्र लायक थया हो,
> जहने थयु मइ सुइ ज्ञान रे ॥

इसके अतिरिक्त स स्कृत, प्राकृत, अपभ्र स, गुजराती एव राजस्थानी भाषा पर आपका पूर्ण अधिकार था। आपकी ज्ञानोपासना के सही प्रभाव को खोजने के लिए आपके द्वारा निर्मित कृतियों का पारायण करना ही अधिक उपयुक्त होगा।

ज्ञान का फल है विरति "ज्ञानस्य फल विरति" जैसे-जैसे उनकी ज्ञानोपासना दृढ बनती गई वैसे-वैसे उनकी सयम साधना कठोर बनती गयी। त्याग और वैराग्य दिन प्रतिदिन बढता गया। यही कारण था कि बहुत छोटी उम्र मे ही श्रीमद् का झुकाव आध्यात्मिक और योग की ओर हुआ। आज का विद्यार्थी जिस आयु मे अनुभव हीन, शुष्क ज्ञान का बोझ ढोता हुआ कालेजो की खाक छानता है वहा श्रीमद् ने केवल १९ वर्ष की अल्प आयु में सवत् १७६६ मे पजाब के मुलतान नगर के प्रतिष्ठित श्रावक मिठूमल भसाली आदि योग साधना प्रेमी श्रावको के अनुरोध पर ध्यान के गूढ रहस्यो से भरी ध्यान दीपिका चतुष्पदी नामक ग्रन्थ की रचना कर डाली।

प्रवास और उपदेश--

श्रीमद् द्वारा रचित ग्रन्थो की प्रशस्तिया, चैत्यपरिपाटिया, तीर्थस्तव एव देव विलास से स्पष्ट है कि आपका प्रवास राजस्थान, सिध, पजाब, गुजरात, एव सौराष्ट्र के प्रदेशो मे अत्यधिक हुआ। दीक्षा के बाद २० वर्ष तक तो आप राजस्थान सिंध, पंजाब मे विचरण करते रहे। इन बीस वर्षो में मुलतान, बीकानेर, जैसलमेर, मरोठ आदि शहरो को छोड़कर आपके चातुर्मास कहाँ-कहाँ हुए, आपके द्वारा शासन प्रभावना के क्या क्या कार्य हुए, इसका कोई विवरण उपलब्ध नही होता। श्रीमद् जैसे समर्थ विद्वान, सयम निष्ठ और बहुमुखी-प्रतिभा-सम्पन्न व्यक्ति (ग्रन्थ-रचना के अतिरिक्त) इतना लम्बा काल यो ही व्यतीत कर दे, यह बुद्धिगम्य नही होता। अत इस सम्बन्ध में विद्वानो द्वारा समुचित खोज अपेक्षणीय है।

गुजरात की ओर—

विद्वत्त्व च नृपत्वं च, नैव तुल्य कदाचन।
स्वदेशे पूज्यते राजा, विद्वान सर्वत्र पूज्यते ॥

विद्वत्ता, सयमनिष्ठा अध्यात्मरसिकता एव प्रवचनपटुता के कारण आपकी कीर्ति दूर दूर तक फैल गई थी, अत स्थान-स्थान के श्री सघ आकर, अपने गावो और नगरो मे पधारने की आपसे सविनय प्रार्थना करने लगे। गुजरात भी उस ज्ञान-गगा से अपनी आध्यात्मिक प्यास बुझाने मे, कैसे पीछे रहता ? अत. वहा का भी अत्याग्रह रहा। श्रीमद् के गुजरात प्रवास के पीछे एक खास बात यह भी रही कि सघ के आग्रह के साथ एक गुणानुरागी सद्धृदय–साधु पुरुष का भी नम्र आग्रह था। वे साधु पुरुष थे तपागच्छीय मुनि श्री क्षमाविजय जी।

सवत १७७७ मे श्रीमद् ने गुजरात की ओर विहार किया। इस प्रवास को आप ने तीर्थ यात्रा एव धर्म प्रचार का माध्यम बनाकर अनेक धर्म प्रभावना के कार्य किए। जहा जहा वे तीर्थो मे गये वहा वहा नवीन स्तव–स्तुतियो द्वारा मुक्त हृदय से भक्ति करते हुए उसे चिरस्मरणीय बनाया। विचरण करते हुए अपने समाज मे तो ज्ञान का प्रचार किया ही, साथ ही राजकीय अधिकारियो मे भी मुक्त रूप से अहिसा धर्म का प्रचार किया। उनमे से कई तो आपके परम भक्त बन गये थे।

सर्व प्रथम श्रीमद् गुजरात के पाटनगर पाटण मे पधारे। पुण्य पुरुष कही भी पधारे सर्वत्र आनन्द ही आनन्द छा जाता है "पदे पदे निधानानि"। इस राजस्थानी सन्त की प्रवचन पटुता एव मधुरवाणी ने पाटणवासियो को मन्त्र मुग्ध कर दिया। उनके जीवन और उपदेशो मे न तो अह भाव था, न ममत्व, किन्तु समभाव का ही अमृत झरता था। अत, उसका पान करने के लिए लोग हजारो की तादाद मे उनके व्याख्यानो मे आते थे और जीवन की समस्याओ का सही समाधान पाते थे।

ज्ञानविमलसूरि और श्रीमद्—

(सहस्त्रकूट जिन नाम प्रसिद्धि)

बडा बडाई ना करे, बडो न बोले बोल ।
हीरा मुख से कब कहे, लाख हमारा मोल ।।

तथापि जैसे हीरे का पानी हीरे का मूल्य बता देता है, वैसे आचरण व्यक्ति की महानता का परिचय करा देता है। उस समय पाटण के नगर सेठ श्रीमाली दोसी तेजसी जैतसी थे। उन्होने वहा सहस्त्रकूट जिनालय बनवाया था जिसका वर्णन श्रीमद् ने स्वय सहस्त्रकूट स्तवन मे किया है।

"श्रीमाली कुलदीपक जेतसी, सेठ सुगुण भण्डार ।
तस सुत सेठ शिरोमणी तेजसी पाटण नगर मे दातार ।।
तणे ए बिब भराव्या भावशु, सहस अधिक चौवीस ।
कीधी प्रतिष्ठा पूनमगच्छधरू भाव प्रभ सूरीश ।।

एक दिन श्रीमद् ने सेठ जी से पूछा कि आपने 'सहस्त्रकूट' के नाम तो गुरु मुख से सुने ही होगे ? सेठजी ने अपनी अज्ञानता प्रकट की। किन्तु इससे उनके हृदय मे सहस्त्रकूट के नाम को जानने को प्रबल जिज्ञासा पैदा हो गई। उन्होने अपनी यह जिज्ञासा उस समय के जाने माने विद्वान ज्ञानविमलसूरि के समक्ष रखी। ज्ञान विमल सूरि ने इन्हे फिर कभी बताने को कहा। एक दिन साही पोल स्थित श्री पार्श्वनाथ मन्दिर मे सत्तरभेदी पूजा के प्रसंग को लेकर सूरिजी और श्रीमद् दोनो ही वहां पधारे। सेठजी भी वहाँ आए हुए थे। सूरिजी को देख कर उनकी जिज्ञासा फिर जगी और उन्होने अपना प्रश्न पुन दोहराया। उत्तर देते हुए सूरिजी ने कहा कि उपलब्ध शास्त्रो मे प्राय इन नामो का उल्लेख नही मिलता। एक अधिकारी आचार्य के मुह से यह बात सुनकर श्रीमद् से नही रहा गया और उन्होने उसका नम्र

प्रतिवाद किया। इस पर आचार्य श्री जराक्रुद्ध होकर बोले यदि तुम्हें विदित हो तो तुम ही बतला दो। श्रीमद् ने उस समय विनय पूर्वक सूरिजी को शास्त्र पाठ सहित सहस्त्र जिन नाम[1] बतलाये।

इससे सूरिजी बडे प्रभावित हुए। विद्वता के साथ स्वभाव की नम्रता और साधुता के सुमेल ने तो सूरिजी को ऐसा आकर्षित किया कि दोनों मे गाढ मैत्री हो गई। यह जानकर तो सूरिजी को बड़ा हर्ष हुआ कि वे खरतर गच्छीय विद्वान परम्परा के वाचक राज सागर जी के सुयोग्य शिष्य हैं—

मौन रही ने पूछे ज्ञान, तुमे केहना शिष्य निधान रे
उपाध्याय राजसागरजी ना शिष्य मीठी वाणी जेहनी इक्षु रे ॥
नम्रता गुण करी बोले ज्ञान, देवचन्द्र ने आप्या मान रे
तुम वाचक तो जैन ना काजी, तुमे जैनना थभ छो गाजीरे
आदि घर छे तमारु भव्य तुमे पण किमन होय कव्य रे ॥

धन्य है ऐसे गुणानुरागी महात्माओ को जो गच्छ व समुदाय के भेद से ऊपर उठ कर गुणो के ग्राहक और साधुता के पूजक होते है।

क्रियोद्धार—

ससार परिवर्तनशील है। कोई यह दावा नही कर सकता कि-अमुक समाज, राष्ट्र, धर्म, जाति या पन्थ अपने उद्गम से लेकर आज तक एक सा रहा हो सामयिक-परिवर्तनो से कोई अछूता नही रहा। प्रत्येक चीज उत्थान और पतन के दो बिन्दुओ के बीच लुढकती रहती है।

1—इन नामो का वर्णन श्री मद रचित सहस्त्रकूट जिन स्तवन मे है।

जैन धर्म भी इसका अपवाद नही रहा। समय-समय पर उसे भी आचारिक और वैचारिक उत्थान-पतन का शिकार होना पडा। 'चैत्यवासी-परम्परा' एक ऐसे ही पतन का नमूना था।

जैन धर्म मे इसके बीज कब से बोये गए थे, यह स्पष्ट नही कहा जा सकता, किन्तु इतना स्पष्ट है कि आचार्य हरिभद्रसूरि जी के समय चैत्यवासियो का सूर्य मध्यान्ह में था। यह उनके द्वारा रचित सम्बोध प्रकरण से स्पष्ट है।

चैत्य का अर्थ है मन्दिर, वासी यानि उसमे रहने वाले। अर्थात् उस समय साधुओं का बहुत बडा वर्ग शास्त्र-मर्यादाओ को तोड कर मन्दिर मे ही बस गया था। उनका खान-पान, धर्मोपदेश, पठन-पाठनादि वही होते थे। मन्दिर ही उनके मठ थे। इसके साथ धीरे-धीरे उनमें और भी शिथिलता आ गई थी। शास्त्रवर्णित आचारो से उनके आचार में बडी विसंगति थी। धार्मिक क्षेत्र के अतिरिक्त राजनैतिक, सामाजिक और व्यापारिक क्षेत्रो मे भी उनकी धाक थी। मन्त्र, तन्त्र, के सफल प्रयोग के कारण उन्होने तत्कालीन राजा और प्रजा को अपने वश कर रखा था। यहा तक कि वे राज्य निर्माता (King Makers) भी थे। शीलगुणसूरि, देवेन्द्र सूरि आदि इसके ज्वलन्त उदाहरण है।

यद्यपि हरिभद्रसूरि जी ने इसके विरुद्ध आवाज तो उठाई थी तथापि उस परपरा को खत्म करने के लिये इतना ही पर्याप्त नही था। उसके लिये तो आवश्यकता थी एक ऐसे व्यक्तित्व की जो ज्ञानबल और क्रियाबल दोनो से वरिष्ठ होने के साथ-साथ चैत्यवास के विरुद्ध सप्रदायव्यापी और देशव्यापी आन्दोलन बुलन्द कर सके तथा उसकी भावना को प्रचण्डता के साथ अपने शिष्यो, प्रशिष्यो तक पहुँचा सके। ऐसा प्रखर और तेजस्वी व्यक्तित्व वर्धमान सूरि की छत्रछाया में पनपा। वह व्यक्तित्व था जिनेश्वरसूरि का।

यद्यपि वर्धमान सूरि स्वय किसी समय चैत्यवासियो के प्रमुख आचार्य थे, किन्तु जैन शास्त्रो का विशेष अध्ययन करने पर उन्हे अपना तत्कालीन आचार-विचार मिथ्या और अनुचित लगने लगा। फलत उन्होने इस अवस्था का त्यागकर विशिष्ट त्यागमय जीवन अपना लिया। उनके शिष्य जिनेश्वरसूरि आदि ने भी उसी मार्ग का अनुसरण किया। वे क्रियापत्र ही नही उच्चकोटि के आगमज्ञ भी थे। उन्होने चैत्य वास के विरुद्ध सप्रदाय व्यापी और देश व्यापी आदोलन छेडने का कार्य अपने हाथ मे लिया। इसके लिये उन्होने सुविहित मार्ग प्रचारक नया गण स्थापित किया। इसके उन्मूलन के लिये यथाशक्य सभी उपाय किए शास्त्रार्थ भी किया। आपने पाटण मे दुर्लभ राज की सभा मे चैत्यवास के प्रबल समर्थक सुराचार्य के साथ शास्त्रार्थ मे विजय प्राप्त की। इसी विजय के फलस्वरूप दुर्लभराज ने उन्हे 'खरतर-विरुद्ध' दिया। इस तरह खरतर गच्छ का प्रादुर्भाव अपने मे एक महासाहसिक कदम था। इस प्रसग से जिनेश्वरसूरि की पाटण मे ही नही किन्तु मारवाड मेवाड, गुजरात, सिंध, मालवा आदि प्रदेशो मे भी खूब ख्याति बढी। आपकी निश्रा मे चतुर्विध सघ का अच्छा स गठन तैयार हुआ था। इनके प्रभाव के कारण अनेक समर्थ यतिजन चैत्याधिकार का और शिथिलाचार का त्यागकर क्रियोद्धार करके अच्छे स यमी बने। मन्दिरो की व्यवस्था और देवपूजा की पद्धतियो मे शास्त्रानुकूल सर्वत्र परिवर्तन हुए।

यद्यपि जिनेश्वरसूरि ने इस परपरा को मिटाने का आजीवन पुरुषार्थ किया तथापि इतने थोडे समय मे उसके मूल को उखाड फेकना आसान नही था। उसके लिये तो परपरा का प्रचण्ड प्रयास अपेक्षित था। अत. सूरिजी ने अपने शिष्य-प्रशिष्यो मे भी उस भावना को वडे वेग से फैलाया। अत उनके पीछे आने वाले उनके कई उत्ताराधिकारियो-नवागी टीकाकार अभयदेवसूरि-जिनवल्लभसूरि-जिनदत्तसूरि, जिनचन्द्रसूरि आदि ने उनके विचार का वडे विस्तार से प्रचार किया। किन्तु उसके बीज को उन्मूलन कर देना सहज काम नही था। कभी वह पुन जोर पकड लेता फिर

उसे खत्म करने का प्रयत्न किया जाता। इस प्रयास में महान आचार्यों[1] ने शिष्यो तक का मोह त्याग दिया था। श्रीमद् के समय साधु-जीवन मे पुन शिथिलता व्याप्त हो गई थी। सुविहित-परपरा के सस्कारो को विरासत में पाने वाले श्रीमद् की त्यागी-वैरागी आत्मा मे इसका बडा दुख था। अत आपने शैथिल्य का सर्वथा परिहार कर उत्कृष्ट-त्यागमय जीवन अपना लिया। फलत' उस समय आपके पास केवल ८-१० शिष्य प्रशिष्य ही टिक सके, जो आपकी तरह ही कठोर साधु-जीवन के पालन मे रूचि रखते थे।

१-इस दृष्टि मे अकबर प्रतिबोधक श्री जिनचन्द्रसूरि का नाम उल्लेखनीय है। सवत्-१६१४ मे चैत्रकृष्णा ७ को जब सूरिजो ने क्रियोद्धार की उद्घोषणा की तब २०० शिष्यो मे से आपके—पास कुल १६ ही शिष्य रहे। अवशिष्ट, जो विशुद्ध सयम का पालन करने मे असमर्थ थे, उन्हे गृहस्थ के कपडे पहिनाकर अलग कर दिया। इन्ही से 'मत्थेरण' (महात्मा) जाति का उद्भव हुआ। यह जैन जाति आज भी मारवाड, मेवाड मे विद्यमान है।

२-यह मन्दिर हाजा पटेल की पोल मे स्थित शांतिनाथजी की पोल मे है। श्री सहस्त्रफरण के नीचे निम्न लेख दिया हुआ है—

"सवत् १७८४ वर्षे मागशीर वदि ५ दिन सहस्त्रफरणाथी मंडित श्री पार्श्वनाथ परमेश्वर बिंब कारित उपकेशवशे साह प्रतापशा भार्या प्रनमदे पुत्र शा. ठाकरशी केन आणदबाई भगनी झवरयुतेन बृहत्खरतरगच्छे भट्टारक श्री युग प्रधान, श्री जिनचन्द्रसूरि, शिष्याणाँ महोपाध्याय श्री ......शिष्य उपाध्याय श्री देवचन्द्र गणि शिष्य-युतै"

(श्री पादराकरजी द्वारा लिखित श्रीमद् का जीवन-चरित्र पृ ३१)

शासन – प्रभावना :—

इसी वर्ष आप अहमदाबाद पधारे और नागौरी सराय में विराजे। वहाँ भगवती सूत्र पर आपके बडे ही तर्क और तत्त्व से पूर्ण मधुर व्याख्यान होते थे। वहाँ माणकलालजी नामक एक सम्पन्न सद् गृहस्थ रहते थे। स्थानकवासियो के संसर्ग से उनकी मूर्तिपूजा की श्रद्धा क्षीण हो गई थी। किन्तु श्रीमद् के उपदेश से वे पुन. मूर्तिपूजक बन गये और उन्होने एक जिन चैत्यालय[2] बनाया, जिसकी प्रतिष्ठा सवत् १७८४ मे श्रीमद् के वरद–हस्तो से हुई थी।

खभात चातुर्मास एवं सिद्धाचल पर पेढ़ी स्थापन:—

खभात श्रीसघ के अत्याग्रह से सवत् १७७९ का आपका चातुर्मास खंभात मे हुआ। वहाँ आपके व्याख्यानो से अनेको लोग प्रभावित हुए। श्रीमद् के स्तुति-स्तवो, गिरिराज पर निर्माण–कार्य, एव बार–बार वहा जाने से यह स्पष्ट हो जाता है कि उनकी सिद्धाचल के प्रति अगाध भक्ति एव अनन्यश्रद्धा थी। अत, इस चातुर्मास मे आपने तीर्थराज की महिमा का अपूर्व वर्णन किया।

सिद्धाचल इतना प्राचीन एव पवित्र तीर्थ होते हुए भी इस तीर्थ की सुचारु व्यवस्था के लिये कोई सुसगठित सस्था या पेढी नही थी। तीर्थ के पडे, पुजारी तीर्थ पर एकाधिकार जमाए बैठे थे। तीर्थ की सारी आय वे ही हड़प कर जाते थे। व्यवस्था की दृष्टि से वास्तव मे तीर्थ की दशा बडी दयनीय व हृदय विदारक थी। श्रीमद् को इस बात का गहरा दु ख था और वे इसके लिये समुचित उपाय करना चाहते थे। अत, खभात चातुर्मास मे उन्होने तीर्थ की समुचित व्यवस्था हेतु एक सस्था स्थापित करने का मार्मिक उपदेश दिया। आपकी प्रेरणा के फलस्वरूप उसी वर्ष एक पेढी[1] की स्थापना हुई। अनेक सामयिक परिवर्तनो से गुजरती हुई उस पेढी का विकसित रूप वर्तमान की इस आनंदजी, कल्याणजी पेढी को कह दिया जाय तो कोई अनुचित नही होगा। पेढी की स्थापना के बारे मे कवियण कहते हैं—

"तीर्थ महात्म्यनी प्ररूपणा गुरुतणी, साभले श्रावक जन्न।
सिद्धाचल उपर नवनवा चैत्यनो, जीर्णोद्धार करे सुदिन्न।

कारखानोतिहाँ सिद्धाचल उपरे मंडाव्यो महाजन्न।
द्रव्य खरचाये अगणित गिरीउपरे, उल्लसित थयोरे तन्न।

सवत् १७८१–८२ एव ८३ मे आपके सदुपदेश से गिरी राज पर विशाल पैमाने मे 'जीर्णोद्धार एव चित्रकारी का काम हुआ' कवियण के शब्दो मे

"संवत सतर एकासीये ब्यासीये त्रयासीये कारीगरे काम"

चित्रकार सुधागा काम ते, दृषद् उज्वलतारे नाम।"

यह निर्माण कार्य सिद्धाचल पर कहाँ चला था, कवियण ने इसका कुछ भी उल्लेख नही किया। किन्तु श्री तीर्थराज पर के शिलालेख से मालूम होता है कि यह कार्य 'खरतरवसही' मे चला था।

१–वर्त्तमान मे जो आनन्दजी कल्याणजी की पेढी है उसका इतिहास इस प्रकार है। शान्तिदास सेठ के वश मे हेमा भाई हुए। इन्होने सवा तीन लाख रुपये खर्च करके उजमबाई व नदीश्वर टूक बनवाई और स १८८६ मे प्रतिष्ठा कराई। उनके पुत्र प्रेमाभाई हुए। उन्होने १६०५ मे शत्रुजय का सघ निकाला और वहा मन्दिर बनवाया (जैन सा र पृ ६७२) इन्ही प्रेमा भाई के समय मे आनन्दजी कल्याणजी नाम पडा तथा उसका विधान बना। स १८७४ मे अहमदावाद अग्रेजो के शासन मे आया इस लिये नामकरण व विधान की जरुरत पडी होगी। उसके पहले से पेढी तो थी जिसकी स्थापना श्रीमद् के उपदेश से हुई थी। पेढी की स्थापना का उल्लेख कवियण ने अपनी पुस्तक मे किया है।

'खरतरवसही' मे दाहिनी ओर की खुली जगह मे रही हुई सिद्धचक्र शिला पर इस भाँति का लेख है।

"सवत् १७८३ माघ सुजी ५ सिद्धचक्र" घणपुर के रहने वाले श्रीमाली लघु शाखा के सेता की स्त्री आणदबाई ने अर्पण की (बनाई) बृहत् खरतरगच्छ की मुख्य शाखा मे श्री जिनचन्द्रसूरिजी हुए जिनको अकबर बादशाह ने युगप्रधान पद दिया था। उनके शिष्य महोपाध्याय राजसागरजी हुए, उनके शिष्य महोपाध्याय ज्ञानधर्मजी, उनके शिष्य उपाध्याय दीपचन्द्रजी, उनके शिष्य पडितवर देवचन्द्रजी ने प्रतिष्ठा की।"[1]

(डॉ बूल्हर कृत ले सं. ३४)

पालीताणा से आप राजनगर पधारे सूरतसघ का अत्याग्रह होने से १७८४ का चातुर्मास आपने सूरत मे किया। उपदेश द्वारा वहाँ कई आत्माओ को धर्मप्रेमी बनाया।

वहाँ से विहार कर, विभिन्न गाँव, नगरो को पावन करते हुए आप पालीताणा पधारे। वहाँ १७८५-८६ और ८७ मे वधुशाह कारित चैत्यो की बडे महोत्सव पूर्वक प्रतिष्ठा की।

डॉ बूल्हर द्वारा सगृहीत लेख न ३५ और ३६ से तत्कालीन प्रतिष्ठा की पुष्टि होती है।

गुरू वियोग :—

पालीताणा से विहारकर आप राजनगर पधारे। यहाँ आपके गुरुदेव उपाध्याय

१-जिनविजयजी ने प्रा ले सं. भा २ मे तथा मोहनलाल दलीचन्द्र देसाई ने श्रीमद् के जीवन चरित्र के वक्तव्य पृ ६ मे लिखा है।

जी श्री दीपचन्द्रजी अस्वस्थ हो गए। श्रीमद् के प्रति आपका महान् उपकार था। श्रीमद् का भी आपके प्रति अपूर्व प्रेम था। श्रीमद् ने गुरुदेव की तन-मन से खूब सेवा की। किन्तु, "परिवर्तिनी ससारे, मृत को वा न जायते।"

जहाँ जन्म है, वहाँ मृत्यु है। जन्म और मृत्यु का यह अविनाभावी सम्बन्ध मोक्ष मे ही विच्छिन्न होता है। यद्यपि श्रीमद् ने गुरुदेव की सेवा मे कोई कसर नही रखी किन्तु मृत्यु! अप्रतिक्रिय तत्त्व है। उसके आगे किसी का वश नही तथा सन्त पुरुष का तो जीना और मरना दोनो समान ही हैं, क्योकि वे मरकर भी अपनी गुण-देह से सदा अमर रहते है। उपाध्यायजी भी सयम की समाराधना करते हुए सवत् १७८८ की आषाढ सुदी २ के दिन समाधिपूर्वक स्वर्गवासी हो गए।

आपकी अपने गुरुजनो के प्रति अगाध श्रद्धा एव अनन्य भक्ति थी। गुरु चरणो मे आपका समर्पण अद्भुत था। अपनी समस्त रचनाओ मे महोपाध्याय राजसागरजी एव उपाध्याय दीपचन्द्रजी का नाम अकित कर उनके नाम को भी अमर कर दिया। इस तरह अपने गुरु के ऋण को यथा शक्ति चुकाने का जो विनम्र-प्रयत्न आप श्री ने किया वह श्लाघनीय एव अनुकरणीय है।

भण्डारी जी को प्रतिबोध :—

अहमदाबाद के तत्कालीन सूबेदार जोधपुर निवासी श्री रत्नसिहजी भण्डारी थे। भण्डारीजी के घनिष्ठ मित्र श्री आणदरामजी श्रीमद् के पास आया-जाया करते थे एव उनकी ज्ञानगरिमा से अत्यधिक प्रभावित थे। आणदरामजी ने भण्डारजी के समक्ष श्रीमद् के गुणो की भूरि-भूरि प्रशसा की। उनके गुणो मे आकर्षित हो भण्डारीजी भी गुरुदेव के सत्सग का लाभ उठाने लगे। सन्तो की वाणी मे सदाचार का ओज होता है। सत्य का जादू होता है, जिससे प्रेरित हो व्यक्ति आत्म-समुन्नति के पथ पर अग्रसर हो जाता है। सन्तो के सत्सग का बडा भारी महत्त्व है। तुलसीदास जी के शब्दो मे—

"एक घडी आधी घडी, आधी मे भी आध।
तुलसी सगत साधु की, कटै कोटि अपराध ॥"

श्रीमद् के सत्संग से भण्डारीजी मे धर्म की जागृति हुई। नित्य जिन-पूजनादि करने लगे तथा धार्मिक कार्यों मे सेवा सहयोग करते हुए सोत्साह भाग लेने लगे। शासक वर्ग को धर्म प्रेमी बनाना धार्मिक विकास के लिए महत्त्वपूर्ण बात है।

चातुर्मास बाद विहारकर आप धोलका पधारे। वहाँ के निवासी सेठ श्री जयचन्द्रजी ने पुरुषोत्तम नामक योगी से आपका परिचय कराया। श्रीमद् ने भी उसे धर्म का सही स्वरूप वताकर जैन धर्मानुरागी बनाया।

यह पहले ही कहा जा चुका है कि श्रीमद् की शत्रुजय तीर्थ के प्रति अपूर्व भक्ति थी। वहाँ अपने उपदेश देकर, मन्दिर निर्माण, जीर्णोद्धार एव प्रतिष्ठादि के महान् कार्य किए थे। सवत् १७६५ मे आप पालीताणा पधारे। इस बात को पुष्टि वहाँ के एक शिलालेख से भी होती है। "१७६४ (गुजराती) शक १६५८ असाढ सुदी १० रविवार (राजस्थानी संवत् १७८५) ओसवंश[1] वृद्ध शाखा नाडूल गोत्र के भण्डारी भीनाजी के पुत्र भण्डारी नारायणजी के पुत्र भण्डारी ताराचन्दजी के पुत्र भण्डारी रूपचन्दजी के पुत्र भण्डारी शिवचन्द के पुत्र हरखचन्द ने इस देवालय का जीर्णोद्धार कराया और पार्श्वनाथ की एक प्रतिमा अर्पण करी। वृहत् खरतरगच्छ के जिनचन्दसूरि के विजयराज्य मे महोपाध्याय राजसागरजी के शिष्य उपाध्याय दीपचन्द्रजी के शिष्य पण्डित देवचन्द्र ने प्रतिष्ठा करी।"

१-छीपावसी के एक देवालय के बाहर यह लेख है। डॉ बूल्हर ने इसका न ३६ दिया है।

नवानगर में नया काम :—

संवत् १७९६-९७ मे आप नवानगर बिराजे। यहाँ पर आपने प्राकृत में 'विचार-सार' एव 'ज्ञानसार' पर 'ज्ञानमंजरी' टीका लिखी। इसके अलावा नवानगर मे धर्म प्रभावना का नया काम यह किया कि—स्थानकवासियो के प्रभाव से वहाँ के लोगो की मूर्ति पूजा के प्रति एकदम अश्रद्धा हो गई थी। फलत मन्दिरों और मूर्तियों की हालत बड़ी खराब थी। घोर आशातना हो रही थी। यह देखकर सत्यप्रेमी श्रीमद् को बडा दुख हुआ। उन्होंसे आगम और युक्तियो के द्वारा स्थानकवासियो के समक्ष मूर्तिपूजा की सत्यता सिद्ध की। लोगो की मूर्ति-पूजा मे श्रद्धा स्थिर हुई। और वहाँ के मन्दिरो मे पुन. दर्शन पूजन आदि शुरू हुए। यहाँ परछरी के ठाकुर साहब आपके परिचय में आए और उनको प्रतिबोध देकर आपने धर्मप्रेमी बनाया।

तत्पश्चात् १७९८ से १८०१ तक आप नवानगर और पालीताणा के बीच विचरण करते रहे। १८०२-३ मे आप नवानगर के पास स्थित 'राणावाव' मे विराजे। अन्य लोगो से साथ गाँव का ठाकुर भी आपके प्रवचन मे आने लगा। आपके त्याग का ही प्रभाव समझो कि आपके सत्सग से ठाकुर का सारा जीवन ही बदल गया। दुर्गुणों की दुर्गन्ध से भरापूरा जीवन संयम की सुगन्ध मे महक उठा और वे आध्यात्मिक जीवन जीने लगे। संवत् १८०४ मे आप भावनगर पधारे थे और वहाँ के महाराजा भावसिंहजी भी इसी तरह आप से प्रभावित हो आपके परमभक्त बन गये थे।

१८०५-६ मे आप लीबडी विराजे। इस बीच लीबडी-चूडा एव धागध्रा मे आपके सान्निध्य में बडे महोत्सव पूर्वक जिनबिंबो की प्रतिष्ठा हुई थी। लींबडी प्रतिष्ठा के विषय मे श्रीमद् स्वय स्तवन मे कहते है—

संवत् अठारसे साते बरषे, फागुण सुदी, बीज दिवसे रे।
श्री शाति जिणेसर हरपे थाप्या, बहुमुनि शिवसुख बरसे रे।।"[1]

ध्रागध्रा मे आपका सुखानदजी के साथ सौहार्द-पूर्ण मिलन हुआ। सुखानद जी भी महान् आध्यात्मिक पुरूष थे, अत श्रीमद् का उनके प्रति अच्छा आदरभाव था।

सवत् १८०८ मे आप पुन पालीताणा पधारे। तत्पश्चात् दो साल तक गुजरात के विभिन्न गावो मे विचरण करते रहे। १८१० मे पुन पालीताणा। १८११ मे लीबडी मे प्रतिष्ठा कराई। १८१२ का चातुर्मास राजनगर मे किया।

संघ यात्रा–

आपके सान्निध्य मे तीर्थराज शत्रु जय के तीन सघ निकलने का उल्लेख मिलता है।

१ सवत् १८०४ मे सूरत के सघवी शाह कचरा कीका ने शत्रु जय का सघ निकाला था, जिसका वर्णन स्वयं श्रीमद् ने अपने सिद्धाचल स्तवन मे किया है।

"सवत् अढार चिडोत्तर वरसे सित मृगसर तेरसीये
श्री सूरत थी भक्ति हरख थी सघ सहित उल्लसीये ।।६।।
कचरा कीका जिनवर भक्ति (गुणवत) रूपचद जीइए
श्री सघ ने प्रभुजी भेटाव्या, जगपति प्रथम जिणद ।।७।।

२ आपके उपदेश से १८०८ मे गुजरात से सघ निकला था।

१–देवविलास और स्तवन मे जो सवत् का अन्तर है, (१८०६–७) वह गुजराती और राजस्थानी सवत् के कारण है।

संवत् अठारने आठ मे गुजराती थी काढयो सघ ।
श्री गुरूना गुरू उपदेश थी, शत्रुजय नो अभग ।। 'देवविलास'

३ सवत् १८१० मे कचरा कीका ने पुन· सघ निकाला था ।

सवत् दश अष्टादशे, कचरा साहजीइ सघ ।
श्री शत्रुजयतीर्थ नो, साथे पधार्या देवचन्द ।। 'देवविलास'

इस सघ की पुष्टि निम्न शिलालेख से भी होती है ।

"सवत् १८१० माघसुदी १३ मगलवार सघवी कचरा कीका वगैरह समस्त परिवार ने सुमतिनाथ प्रतिमा अर्पणकरी, सर्व सूरियो ने प्रतिष्ठा करी । विमल-वसही में हाथी पोल की ओर जाते हुए दाहिनी ओर के एक देवालय मे यह लेख है ।

सच्चे ज्ञानदाता--

श्रीमद् वस्तुत श्रुतदेवी के सच्चे उपासक थे। उन्होने स्वय ज्ञानार्जन मे कोई कमी न रखी तो उदारतापूर्वक ज्ञानदान देने में भी कोई कसर नही रखी । जैसे मेघ जल बरसाने मे किसी तरह का भेद-भाव नही रखता वैसे श्रीमद् ने भी सम्यग्ज्ञान के दान मे साधु श्रावक, समुदाय या गच्छ का कुछ भी भेद नही रखा था । यही कारण था कि तपागच्छ के महास्तभ गिनेजानेवाले मुनिवरो ने अपने सुयोग्य शिष्यो को सैद्धान्तिक अध्ययन कराने के लिये आपमे सविनय विज्ञप्ति की थी । उनकी भावनाओ का आदर करते हुए आपने भी बडे वात्सल्य-पूर्वक उन्हे महान् आगमिक ग्रन्थो का गभोर अध्ययन करवाया था । देखिये कवियण के शब्दो मे—

"गच्छ चौरासी मुनिवरूरे, लेवा आवे विद्यादान ।
नाकारो नही मुख थकी रे, नय उपनय विधान रे ।।

अपर मिथ्यात्वी जीवडा रे, तेहनी विद्यानो पोस ।
अपूर्व शास्त्रनी वाचना रे, देता ग करे सोस रे।
विद्यादान थी अधिकता रे, नहिं कोई अवरते दान।
न करे प्रमाद भणावता रे, व्यसननो नही तोफान ।।"

कवियण के इस कथन की सत्यता अध्येता मुनिवर स्वय अपनी कृतियो मे सिद्ध करते हैं।

तपागच्छ के प्रखर विद्वान् गिने जाने वाले पण्डित जिनविजयजी, उत्तम-विजयजी एव विवेक विजयजी ने आपके पास अनन्य श्रद्धा और भक्तिपूर्वक अध्ययन किया था।

पण्डित जिनविजयजी ने आपके पास महाभाष्य का पारायण किया था, जिसका वर्णन श्री उत्तमविजयजी ने 'श्री जिनविजय निर्वाण रास' मे बडे आदर-पूर्वक किया है—

'खिमाविजय गुरू कहण थी, पाटण मा गुरू पास ।
स्व पर समय अवलोकता, कीधा बहु चौमास ।।
श्री ठाकुरशी कने पढया, शब्द शास्त्र सुखवास ।
'ज्ञानविमलसूरि' कने, वाची 'भगवती' खास ।।
'महाभाष्य' अमृत लह्यो, 'देवचद' गणि पास ।
(जैन रासमाला पृष्ठ १४५ तथा दे० गी० पृ० (२३)

श्री उत्तमविजयजी ने आपके पास अध्ययन किया, उसका वर्णन पद्मविजयजी कृत श्री उत्तम विजय निर्माण रास मे इस भाति है—

खरतर गच्छ मा ही थया रे लोल, नामे श्री देवचद रे सौभागी
जैन सिद्धान्त शिरोमणी रे लोल, धैर्यादिक गुणवृन्द रे सौभागी

ते गुरुनी वाणी सुणी हरख्यो चित कुमार।
ज्ञान अभ्यास करू हवे, तुम पामे निरधार ॥
इगित आकारे करी, जाणी ते सु पात्र।
ज्ञान अभ्यास कराववा कीधो तेनो छात्र ॥

श्री उत्तम विजयजो ने श्रीमद् के पास भगवती सूत्र का अध्ययन किया तथा सर्व आगमो की अनुज्ञा भो उनमे प्राप्त की थी। देखिये इसे पद्म विजयजी के शब्दो मे

भावनगर आदेशे रह्या, भविहित करे मारालाल।
तेडाव्या देवचन्द्रजी ने, हवे आदरे मारालाल।
वाचे श्री देवचन्द्रजी पासे, भगवती मारा लाल।
सर्व आगमनी आज्ञा दीधी, देवचन्द्रजी मारालाल।
जाणी योग्य तथा गुण गणना वृन्दजी मारा लाल।
(जै रा मा श्री उत्तम विजयजी निर्वाण रास पृ० १६३।

श्रीमद् और उनके विद्यार्थियो के बीच वात्सल्यमूर्ति गुरू और कृपाकाक्षी शिष्य के स बध थे। विवेकविजय जी ने श्रीमद् के पास अध्ययन किया था, इसका वर्णन करते हुए कवियण कहते हैं।

'तपगच्छ माहे विनीत विचक्षण श्री विवेकविजय मुनीद्र।
भणवा उद्यम करता विनयी घणु उद्यमे भणावे देवचन्द्र ॥
गुरूसदृश मन जाणे 'विवेकजी' खिदमत मे निसदिन्न।
विनयादिक गुण श्री गुरू देखीने, विवेकजी उपर मन्न ॥

धन्य है, उन विद्यादाता गुरू को और धन्य है उन भाग्यशाली मुनिवरो को जिन्होने गच्छ भेद को नगण्यकर श्रुतदेवी के सच्चे उप सक होने का परिचय दिया श्रीमद् का यह अपूर्व विद्यादान यदि इतिहास मे स्वर्णाक्षिरो से लिखा जाये तो ज्ञानसमर्पित उन मुनिवरों का नामोल्लेख भी उतने ही आदरपूर्वक होना चाहिये,

जिन्होने धर्मसागरजी द्वारा फैलाये हुए विद्वेष के वातावरण मे भी निर्भय होकर आपके पास अध्ययन किया। इतना ही नही उस प्रसग को अविस्मरणीय बनाने के लिये बडे आदरपूर्वक अपनी कृतियो मे उसका उल्लेखकर एक महान् आदश प्रस्तुत किया।

आपका ज्ञानदान साधुओ तक ही सीमित नही था। वे आत्मार्थी गृहस्थो को भी ज्ञानदान देने मे सदा तत्पर रहते थे। अहमदाबाद मे पूजाशा नामक एक सद्गृहस्थ थे। श्रीमद् उन्हे बडे प्रेमपूर्वक शास्त्राभ्यास करवाते थे। बाद मे इन्ही पूजाशा ने जिनविजयजी के पास दीक्षा ग्रहण की थी। धन्य हैं, उन निस्पृह शिरोमणि सन्त को जिन्होने प्रेम से विद्यादान तो दिया किन्तु कभी भी किसी को अपना शिष्य बनने की प्रेरणा नही दी। यह कोई सामान्यबात नही है। शिष्य परिवार बढाने के लिये क्या नही किया जाता है। किन्तु सच्चे आत्मार्थी तो पुत्र-पुत्री की तरह उनका भी मोह त्यागते है। सच्चा माग अवश्य दिखा देते हैं। श्रीमद् की निस्पृहता आज के लिये महान् आदर्शरूप है।

इसके अलावा लीबडी निवासी शाह डोसा बोहरा, शाह धारसी जयचन्दजी को भी आपने अध्ययन करवाया था। इतना ही नही ज्ञानाभिलाषियो की सुविधा के लिये तत्वज्ञान की गूढवातो को वडी सरल भाषा और शैली मे रचकर सर्वयोग्य बनाने का प्रयत्न किया था। आगमसार, विचाररत्नसार, ध्यानदीपिका चतुष्पदी, अष्टप्रवचनमाता, पचभावना आदि की सज्झाये इसी का उदाहरण है।

उदार एवं समभावी श्रीमद्—

जैन धर्म के अनेकान्त सिद्धान्त के अनुसार आपकी दृष्टि बहुमुखी एव विशाल थी। सकीर्णता एव हठाग्रह से आप सदा दूर ही रहे। आप बडे उदारचेता

और गुणग्राही थे। आपने श्वेताम्बर ग्रन्थो के साथ साथ दिगम्बर ग्रथो का भी अध्ययन किया। विद्वान दिगम्बर आचार्यों की स्तुतियाँ की। अन्य गच्छ के आचार्यों व मुनियो के भी स्वरचित ग्रथो मे गुणगान गाए, उनकी स्तुतिया बनाई।

श्रीमद् खरतरगच्छ के थे। वे खरतर गच्छ की समाचारी की पालना करते थे पर आप सभी गच्छवालो का आदर और सम्मान करते थे। आपने अपने रचित ग्रथों मे कभी भी अन्य गच्छो का निंदा या आलोचना नही की। यद्यपि उस समय तपगच्छ के मुनि धर्म सागरजी [1] द्वारा लिखित ग्रथ (जिसमे सभी गच्छो की कटु आलोचना व निन्दा की गई थी) के कारण सभी गच्छो मे रोष व आक्रोष का उभार

१–पाटन मे तपगच्छ के महान् आचार्य विजयदान सूरिजी व आचार्य श्री विजय हीरसूरि सहित सभी गच्छ के आचार्यो ने मिल कर मुनि धर्म सागरजी को उनके इस मिथ्या प्रलापी, कलहपूर्ण घासलेटी रचना के कारण सघ मे बाहर कर दिया था। साथ ही उनके इस ग्रथ को सर्व सम्मति से जल शरण करने का ठहराव किया और भविष्य मे इस ग्रथ को कोई प्रकाश मे न लाए ऐसा स्पष्ट निर्देश दिया।

हमे लिखते हुए अत्यन्त खेद होता है कि जिन समयज्ञ व गीतार्थ महापुरुषो ने सर्व सम्मति से धर्म सागरजी रचित गन्थ को जल शरण किया था। आज उस समय कही छिपाकर रखे गये उसी ग्रथ का सहारा लेकर कुछ कलह प्रिय नाम धारी साधु उसके कुछ अशो का यदा–कदा प्रकाशित करने की कुचेष्टा करते है। निस्सदेह यह उन गीतार्थ पुरुषो का अपमान व अनादर है। साथ ही यह उनके सकुचित व ओछे विचारो का परिचायक है।

आया हुआ था, घर घर मे विद्वेष पूर्ण एव कटुता युक्त वातावरण छाया हुआ था तथापि इतना सब कुछ होते हुए भी श्रीमद् ने अपने रचित ग्रथो मे एक भी शब्द किसी भी गच्छ के विरुद्ध नही लिखा और नही कुछ बोले जबकि स्वय तपगच्छ के ही यशोविजयजी उपाध्याय ने धर्म सागराश्रित आगम विरुद्ध अष्टोत्तर शत बोल सग्रह, धर्म परीक्षा व उसकी टीका तथा प्रतिमा शतक मे धर्म सागरजी की मान्यताओ का खुलकर खडन किया है।

जहाँ धर्मसागरजी अन्यगच्छो द्वारा प्रतिष्ठित प्रतिमाओ को अपूज्य ठहराते थे, वहां ये आत्मज्ञानी महापुरुष अन्यगच्छो के आचार्यों एव मुनिवरों की स्तवना करते हुए उनकी रचनाओ का अनुवाद करते है। उपाध्याय यशोविजयजी कृत 'ज्ञानसार ग्रन्थ' पर आपकी 'ज्ञानमजरी' टीका एव देवेन्द्रसूरिकृत कर्मग्रन्थो पर आपका टब्बा इसका ज्वलन्त उदाहरण है।

गच्छवाद तो दूर रहा, किन्तु वे श्वेताम्बर-दिगम्बर के भेदभाव से भी दूर थे। जैसे उन्होने हरिभद्रसूरिजी एव यशोविजयजी आदि श्वेताम्बर आचार्यो के ग्रन्थो का अध्ययन किया, वैसे गोम्मटसारादि दिगम्बरीय ग्रन्थो का भी आदरपूर्वक अध्ययन किया।

इतना ही नही आपने दिगम्बरीय शुभचन्द्रजीकृत ज्ञानार्णव के आधार पर 'ध्यानदीपिकाचतुष्पदी' ग्रन्थ की महत्वपूर्ण रचना की। इस ग्रन्थ मे आपने कई दिगम्बराचार्यो की भाव-पूर्वक स्तुतियाँ की है। वस्तुत. इसी उदारदृष्टि के कारण आप सभी गच्छवालो के पूज्य हैं।

इन सब बातो से सिद्ध होता है कि श्रीमद् उच्चकोटि के आध्यात्मिक महापुरुष थे। 'खरतरगच्छजिनआणारगी' इत्यादि शब्दो से अपने गच्छ की समाचारी को आगमानुसारी कहते हुए भी आपने दूसरो को कभी निन्दा नही की।

आपके ग्रन्थ समभाव, सम्यकत्व, श्रद्धा को मजबूत करते हुए शुद्ध आत्मदशा का भान कराते है। यही कारण है कि श्रीमद् अपने सद् विचारो के कारण सर्वत्र व्याप्त है।

श्रीमद् की महान् आध्यात्मिकता का एक प्रमाण यह भी है कि तथाकथित अध्यात्मवादियो का तरह उन्होने अमुक क्रिया या मान्यता मे ही मुक्ति नही मानी। मुक्ति के लिये हमेशा 'समभाव' की आवश्यकता पर बल दिया। ऐसे महात्मा यदि सभी जैनो के प्रिय बने, तो कोई आश्चर्य नही है।

उनके ग्रन्थ का एक एक शब्द उनका आध्यात्मिकता, उदारता, उच्चआत्म-दशा एव योगनिष्ठा का साक्षी है। शुद्ध आत्मज्ञान के विषय मे इतने सारे ग्रन्थो के रूप मे जैनसमाज को जो अमूल्य भेट आपने दी, उसके लिये समाज सदा-सर्वदा आपका ऋणी रहेगा।

पुण्य प्रभाव—

धम्मो मगल मुक्किट्ठ, अहिसा सजमो तवो।
देवावि त नमसति, जस्स धम्मे सया मणो॥

जिस के हृदय मे अहिसा सयम और तप रूप धर्म की वास्तविक प्रतिष्ठा हो जाती है उनके सामने स्वय देवता झुक जाते है। उनकी वाणी मे, उनके वर्त्तन मे स्वय चमत्कार (Miracles) प्रगट हो जाते है। सतत आतम साधना के फलस्वरूप उनके जीवन मे स्वत कुछ अलौकिक शक्तियाँ प्रकट हो जाती हैं। श्रीमद् के जीवन मे भी उनके उत्कृष्ट त्याग, सयम, ब्रह्मचर्य एवं सतत आतम-साधना के पुण्य प्रभाव से कुछ अलौकिक शक्तियाँ, असाधारण साहस एव अपूर्व वैराग्यभाव प्रकट हो गया था। साधारण लोगो की भाषा मे भले उन्हे चमत्कार मानले, किन्तु वास्तव मे वे उनकी उच्च आतमदशा के ही पुण्यप्रभाव सूचक है।

१–सयम लेने के वाद लघुवय मे ही आपके उच्च आध्यात्मिक जीवन का प्रारम्भ हो गया था। एक दिन का प्रसग है कि श्रीमद् कायोत्सर्ग-ध्यान मे लीन थे और एक साँप आपके शरीर पर चढने लगा। साथी मुनिराज घबराने लगे किन्तु आप जरा भी विचलित नही हुए। जब काउस्सग्ग पूर्ण हुआ, सर्प शरीर पर से उतरकर सामने बैठ गया। आपने उसे बडे मधुर शब्दो मे 'समभाव' का उपदेश दिया। साँप ने भी अपने फणो को इस प्रकार हिलाया कि मानो समतारस के पान से झूम उठा हो। यह घटना श्रीमद् की सच्ची निर्भयदशा की सूचक है।

२–आप पजाव मे विचरण कर रहे थे। एक दिन की बात है कि आपको पर्वत के निकटवर्ती रास्ते से गुजरना था। किन्तु उस रास्ते पर सिह का बडा आतक था, अतः लोगो ने आपको उधर जाने से रोका। किन्तु आप कब रुकने वाले थे। आप तो सर्व मैत्री की मगलभावना को लेकर निर्भयतापूर्वक आगे बढते ही गये। जैसे ही आप सिह के नजदीक पहुँचे कि वह गुर्रा कर उठा किन्तु श्रीमद् की नजर से नजर मिलते ही एकदम शान्त हो गया। लोगो के समझ मे आ गया कि 'अहिसाया प्रतिष्ठायां तत्सन्निधौ वैरत्याग यह सत्य है।

३–सवत् १७८८ मे राजनगर (अहमदावाद) मे, महामारी का भयकर उपद्रव हुआ था। प्रतिदिन सैकडो लोग मर रहे थे। सूवेदार रत्नसिहजी भण्डारी एव महाजनो से नही रहा गया उन्होने उसे शान्त करने की आपसे वीनती की। आपने भी लाभ जानकर अपनी आत्मिक शक्ति से उस उपद्रव को शान्त किया।

४–संवत् १७९३ मे मराठा सरदार दामाजी के सेनापति रणकूजी ने विशाल-सैन्य के साथ अचानक गुजरात पर आक्रमण कर दिया। इससे भण्डारीजी को वडी चिन्ता हुई। उन्होंने अपनी चिन्ता श्रीमद् के सामने व्यक्त की। श्रीमद् ने मन्त्रपूत वासक्षेप पूर्वक भण्डारी जी को शुभाशीर्वाद दिया। फलत अल्पसैन्य होते हुए भी भडारीजी युद्ध मे विजयी बने।

५–जामनगर मे एक जैन मन्दिर को मुसलमानो ने जबर्दस्ती से मस्जिद बना लिया था। मूर्तियो को अवसरज्ञ श्रावको ने समयसर भूमिस्थ कर दिया था। मुसलमानो का जोर हटने पर श्रावको ने राजा से मन्दिर पुन उन्हे दिलवाने की प्रार्थना की किन्तु कोई परिणाम नही निकला। सौभाग्य से आप वहाॅ पधार गये। श्रावको ने श्रीमद् के सामने यह चर्चा की। श्रीमद् ने वहाँ के राजा से कहा किन्तु बिना चमत्कार कोई नमस्कार नही करता। राजा ने शर्त रखी कि मन्दिर के ताला लगा दिया जायगा। जिसके इष्ट के नाम के प्रभाव से ताला खुल जायगा, उसी को यह मिल जायगा। पहिला मौका मुसलमान फकीरो को दिया गया, किन्तु ताला नही खुला। अन्त मे जब श्रीमद् की बारी आई और उन्होने ज्यो ही परमात्मा की स्तुति बोली कि ताला झट से टूट कर गिर गया। सर्वत्र जैनधर्म एव श्रीमद् की महती प्रशसा हुई। आत्मा की अनतशक्ति को जागृत करने वाले महापुरुष क्या नही कर सकते ?

६–योगनिष्ठ आचार्य श्री बुद्धिसागर सूरिजी ने 'श्रीमद् देवचन्द्र भाग–२ की प्रस्तावना मे लिखा है कि एकदा राजस्थान मे सघ-जीमण के प्रसग मे, गौतमस्वामी के ध्यान के प्रभाव से आपने एक हजार व्यक्तियो की रसोई मे आठ हजार व्यक्तियो को खाना खिलाया था।

वस्तुत सयमी महात्मा जादूगरो की तरह अपनी शक्तियो का जहा तहा प्रदर्शन नही करते न उन्हे उन शक्तियो का कोई मोह ही होता है। शुद्धात्मदशा के सिवाय जगत् की सारी वस्तुये उनके लिये तुच्छ है। करूणा भावना मे प्रेरित हो सघ शासन के लाभ के लिये कभी कभी वे अपनी शक्तियो का परिचय दे देते है। अन्यथा नही।

उपाध्यायपद और स्वर्गवास

मवत् १८१२ (गुजराती स० १८१२) मे आप राजनगर पधारे। आपकी विद्वता, सयमशीलता एव प्रभावकना आदि गुणो से आकर्षित हो गच्छनायक श्री जिनलाभसुरिजी ने आपको बहुमानपूर्वक 'उपाध्यायपद' दिया।

वस्तुत श्रीमद् जैसे ज्ञान-समर्पित, ज्ञानरसलीन महापुरुषो के कारण ही उपाध्यायपद की गरिमा अक्षुण्ण है। वहा के श्रावको ने बडे ठाट से आपका पद महोत्सव किया। इस वर्ष का आपका चातुर्मास सघ के आग्रह से अहमदाबाद मे ही हुआ। आप दोसीवाडा की पोल मे विराजे थे। आपकी भव्य देशना सुनकर सैकडो लोग धर्मप्रेमी एव अध्यात्मप्रेमी बने थे।

श्रीमद् केवल वाचिक आत्मज्ञानी नही थे, किन्तु शास्त्राध्ययन, परमात्म-भक्ति, गुरुसेवा एव उत्कृष्ट सयमपालन द्वारा उनमे आत्मज्ञान की परिणति हुई थी। विषयराग बिल्कुल खत्म ह गया था। फलत उन्हे साधुदशा के सच्चे आनन्द का अनुभव हुआ था। वे केवल शुष्कज्ञानी ही नही थे किन्तु ज्ञान और क्रिया के अद्भुत सगम थे। शुद्धज्ञान और निश्चयानुलक्षी व्यवहार द्वारा अन्तर और बाह्यजीवन दोनो का पूर्ण विकास करते हुए उन्होने अपने आपको कृतकृत्य बनाया था। उनके जीवन मे किसी भी प्रकार का कदाग्रह नही था, बस 'सच्चा सो मेरा' यही आपका जीवन-सूत्र था। यही कारण था कि स्वगच्छ और परगच्छ दोनो मे आपका असीम आदर और सम्मान था। आज भी आपके ग्रंथो को अध्यात्मप्रेमी आत्मा बडे आदर और प्रेम से पढते है, उनका चिन्तन और मनन करते है। ऐसे महापुरुषो की सघ, शासन और समाज को सदा ही आवश्यकता है।

एक दिन अचानक आपके शरीर मे वायु का प्रकोप हो गया। वमन वगैरह होने लगे। धीरे धीरे व्याधि बढती गई। किन्तु शुद्धोपयोग मे रमण करने वाले उन महापुरुष को मानसिक कोई असमाधि नही थी। 'सर्वंअनित्यम्' का निरन्तर चिन्तन करने वाले उन आत्मज्ञानी सन्त को शरीर का मोह या मृत्यु का भय लेशमात्र भी नही था। जिसने अपने जीवन के पचपन पचपन वर्ष, ज्ञानोपयोग, आत्मध्यान, चारित्रपालन देव-गुरु की भक्ति एव आत्मसमाधि मे बिताये हो उनका समाधिमरण हो इसमे कोई आश्चर्य नही। श्रीमद् को अपनी मृत्यु का पूर्वाभास हो गया था अत. सर्व सग-परिग्रह एव बाह्य प्रवृत्तिओं का सर्वथा त्यागकर आत्मध्यान में मग्न हो गये—

अरिहते शरण पवज्जामि ... .
सिद्धे शरण पवज्जामि ....
साहू शरण पवज्जामि .. ..
केवलोपन्नत्त धम्म शरण पवज्जामि ....

इन चार–शरण को स्वीकार करते हुए जगत् जीवो के साथ भावपूर्वक क्षमा-याचना करते हुए सवत् १८१२ (गुजराती सवत् १८११) की भादवा वदी ३० की रात मे समाधिपूर्वक इस नश्वर शरीर का त्याग कर सद्गति के भागी बने। आपके स्वर्गवास के समाचार सुनकर देशभर की जैन समाज को वडा दुख हुआ किन्तु "जन्म के साथ मृत्यु लगी हुई है" यह सोचकर सभी को शान्ति रखनी पडी।

सभी गच्छ के श्रावकों ने मिलकर वडे उत्सवपूर्वक किन्तु दुखी हृदय मे आपके पवित्र देह का अग्नि सस्कार किया जैसा कि कवियण ने कहा है—

मोटे आडंबरे माँडवी, चौरासी गच्छ ना हो श्रावक मल्या वृन्द।
अगरचद ने काष्ठेभलो, चिता रचिता हो महाजन मुखकद ॥

श्रीमद् के प्रत्यक्ष दर्शन एव उनके पवित्र चरणो के स्पर्श का सौभाग्य क्रूरकाल ने छीन लिया था अत श्रावक सघ ने अपनी सान्त्वना एवं गुरुभक्ति के लिये एक स्तूप वनाकर प्रतीकरूप आपकी चरणपादुकाओ की उसमे स्थापना की थी।

अभी यह चरण पादुका अहमदाबाद के हरीपुरे के मन्दिर के सामने उपाश्रय के मकान मे है। उस पर यह लेख है।

'श्री जिनचन्द्रसूरिशाखाया खरतरगच्छे सवत् १८१२ वर्षे माह वदी ६ दिने उपाध्याय श्री दीपचन्द्रजी शिष्य उपाध्याय श्री देवचन्द्रजीना पादुके प्रतिष्ठिते।"

श्रीमद् ने अन्तिम समय अपने शिष्यो को जो उपदेश दिया वह मार्मिक होने के साथ ही इस वात का परिचायक है कि—वे निरे अध्यात्मिक ही नही थे किन्तु अपने आश्रितो के प्रति उन्हे अपने गुरुपद का पूर्ण कर्त्तव्यवोध भी था।

'पग प्रमाणे सोडि ताणज्यो, श्री सघनी हो धरज्यो तमे आण।
वहिज्यो सूरिजी नी आज्ञा, सूत्र शास्त्रे हो तुमे धरज्यो ज्ञान॥

अपने आश्रितो के भावी के प्रति वे कितने जागरूक थे। इन पक्तियो के चिन्तन और मनन करने से यह स्पष्ट हो जाता है कि आप संघ और गुरु दोनो की आज्ञा को वडा महत्व देते थे। जहाँ आपने शिष्यो को शास्त्राज्ञा के वफादार रहने की वात कही वहाँ देश, काल और भाव को भी महत्व देने की शिक्षा दी।

अपने शिष्य प्रशिष्य परिवार के सयम जीवन के निर्वाह का उत्तरदायित्व अपने वडे एव सुयोग्य शिष्य मनरूपजी को सौंपते हुए आपने जो हृदयस्पर्शी वात्सल्यपूर्ण उद्गार निकाले वे अत्यन्त श्लाघनीय हैं—

"तुम समरथ छो मुझ पूठे, मुझ चिंता हो नास्ति लवलेश।
सपरिवार ए ताहरे खोले छे, हो मूक्या सुविशेष ॥

सकल शिष्य भेला करी, गुरुजीये हो सहुने थाप्यो हाथ।
प्रयाण अवस्था अम तणी, वाणी केहवी हो जेहवो गगापाथ ॥

यदि आज का साधु समुदाय श्रीमद् के अन्तिम उपदेश की ओर जरा भी ध्यान दे तो आज संघ व शासन मे अहंभाव और ममत्वभाव का जो विष घुल रहा है, वह घुलना बन्द हो जाय और सर्वत्र समभाव प्रतिष्ठित हो जाय।

श्रीमद् का शिष्य-परिवार :—

आत्मज्ञानी संतो को शिष्यो का भी मोह नहीं होता। उनको दशा के योग्य कोई आत्मा मिल जाय तो वे उसकी संयम-साधना मे अवश्य सहायक बन जाते है।

श्रीमद् के मनरूपजी और विजयचन्दजी नामक दो शिष्य थे। दोनो ही सुयोग्य गुरु के सुयोग्य शिष्य थे। मनरूपजी बडे ही विद्वान विचक्षण एव संयमी थे। विजयचन्द्रजो तार्किक एव वादीविजेता थे।

मनरूपजी के वक्तुजी और रायचन्द्रजी तथा विजयचन्द्रजी के रूपचन्द्रजी एव सभाचन्दजी नामक दो-दो शिष्य थे।

मनरूपजी तो श्रीमद् के स्वर्गवास के थोडे दिन बाद ही स्वर्गवासी हो गये थे। मानो गुरुभक्त शिष्य अपने गुरु के वियोग को अधिक दिन तक सह न पाये हो, और शीघ्र ही गुरु से मिलने चले गये हो। मनरूपजी के पीछे उनके द्वितीय शिष्य रायचन्द्रजी भी अच्छे वक्ता और संयमी थे इससे अधिक आपके शिष्य-परिवार के विषय मे कोई वर्णन नही मिलता।

अल्पमत्तिना वित्त मे, नावे ते विस्तार ।
मुख्य स्थूल नयभेदनो, भाष्यो अल्प विचार ॥"

श्रीमद् के ग्रन्थो का अध्ययन करने मे यह स्पष्ट हो जाता है कि उनका ध्येय 'पाडित्य प्रदर्शन' का कभी नही रहा, किन्तु साधारण व्यक्ति भी तत्वज्ञानद्वारा अपना आत्म कल्याण कर सके यही एक तमन्ना रही। अत. मल्लवादी कृत 'द्वादशसारनयचक्र' मे विस्तारपूर्वक सात सौ नयो का वर्णन होते हुए भी श्रीमद् ने अपने 'नयचक्र' मे अल्प बुद्धि वाले भी सरलता मे समझ सके इसके लिये नय के मुख्य मुख्य भेदो पर ही विचार किया है। इसके अलावा इस ग्रन्थ मे गुणस्थानगत जीवो के भेद, द्रव्यगुण पर्यायलक्षण पचास्तिकाय का स्वरूप, सप्तभगी, सामान्य-विशेष स्वभाव के लक्षण आदि विपयो का भी अच्छा वर्णन है।

३. विचारसार-टीका --

'विचारसार' मूल ग्रथ प्राकृत गाथा बद्ध है। इस ग्रन्थ के दो भाग हैं–

(१) गुणस्थानाधिकार और (२) मार्गणाधिकार।

(१) गुणस्थानाधिकार--यह एक सौ सात श्लोक में पूर्ण होता है। इस अधिकार में गुणस्थानो के सम्बध मे छियानवे (९६) द्वारो की अवतारणा करते हुए, बंधस्थान, उदयस्थान, उदीरणास्थान, मूलबध, उत्तर-बध, योग, उपयोग, लेश्या, भाव, समुद्घात ध्यान, जीवयोनि, कुलकोटि, आश्रव, संवर, निर्जरा आदि का सचोट शास्त्रीय एव विशद वर्णन किया है।

मार्गणाधिकार—यह दो सौ तेरह श्लोको मे पूर्ण है। इस अधिकार मे वासठ मार्गणास्थानो का वर्णन करते हुए उनमे बध उदय उदीरणा आदि द्वारो की

सांगोपांग रचना की है। साथ ही कर्मप्रकृतियो के बधादि-भागो की विधि एव भागो का विस्तृत वर्णन है।

पूरे ग्रन्थ पर उन्होने स्वयं सस्कृत मे सुन्दर एव सुबोध टीका लिखी है। यह ग्रन्थ भगवती, प्रज्ञापना, कम्मपयडी, भाष्य, जिनवल्लभ सूरि कृत कर्मग्रन्थ एवं देवेन्द्रसूरिकृत कर्मग्रन्थ मे आये हुए तत् तत् सबधी सभी विषयो का एक स्थानीय सग्रह है। टीका मे स्थान स्थान पर दिये गये आगम पाठ एव भाष्य की गाथाये आपके विशद आगमज्ञान की परिचायक है। व्यावहारिक दृष्टान्त एव यन्त्रादि देकर इस ग्रन्थ को सरल से सरल बनाने का प्रयत्न किया गया है। मार्गणाधिकार के २०६ श्लोक की टीका मे श्रीमद् ने भगवान् महावीर से लेकर अपने गुरु तक की परम्परा का सक्षेप मे वर्णन दिया है। इस ग्रन्थ की पूर्णता सवत् १७६६ की कार्तिक शुक्ला प्रतिपदा को जामनगर मे हुई। इस ग्रन्थ का निर्माण राधनपुरवासी श्राद्धवर्य शान्तिदास की प्रार्थना से हुआ। कर्मसाहित्य के अभ्यासियो को सटीक इस ग्रन्थ का अध्ययन करना चाहिये। क्योकि इससे सरलता से विशद बोध हो सकता है जैसा कि श्रीमद् ने स्वयं इसके अन्त में कहा है।

जिणसासणसमयन्नू, भवति गुणगाहिणो य सव्वेसि
ते अ पढति सुणंति अ, लभति नाणलद्धीओ ॥२११॥

अन्त मे स्वाध्याय से परपरया मोक्ष फल की सिद्धि बताते हुए 'तत्त्वज्ञान का बार बार अभ्यास करना चाहिये इस प्रेरणा के साथ आपने ग्रन्थ–टीका का समापन किया है।

यद्यपि श्रीमद् के सभी ग्रन्थ तत्त्वज्ञान मे भरपूर हैं तथापि आगमसार नयचक्रसार और विचारसार–ये तीन ग्रन्थ तो तत्त्वज्ञान के उत्कृष्ट नमूने हैं। इन ग्रन्थो का गभीरता से अध्ययन करने वाला सुगमता से आगमो मे प्रवेश कर सकता

है। वैसे तो ज्ञानसागर का कोई पार नही है, किन्तु उसमे प्रवेश पाने के लिये ये तीन ग्रन्थ अति उपयोगी हैं।

४. विचाररत्नसार.–

यह ग्रन्थ "यथानाम तथा गुण" है। इस ग्रन्थ में ३२२ प्रश्नोत्तरो के रूप मे अमूल्य विचार-रत्नो का सग्रह है। प्रश्नों के उत्तर यथाशक्य सरल, शास्त्रीय एवं अनुभव ज्ञान से भरपूर है। खडन–मडन के उस युग मे गच्छीय मान्यताओ के विवाद–ग्रस्त प्रश्नोत्तरो से दूर रहकर विशुद्ध आत्मज्ञान और तत्व ज्ञान सबधी साहित्य की रचना, श्रीमद् की महान् अध्यात्मनिष्ठा एव उच्च मनोवृत्ति की सूचक है।

प्राकृत सस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान् होते हुए भी इस ग्रन्थ की भाषा मे रचना, जन साधारण के लिये आपकी हितदृष्टि की परिचायक है। वस्तुत. इस ग्रन्थ का अध्ययन करने वाला तत्वज्ञानी महासागर के अमूल्य रत्नो का कुछ भागी अवश्य बनता है।

५. छूटक प्रश्नोत्तर––

विचार रत्नसार मे तो श्रीमद् ने स्वय ही प्रश्न उठाकर उसका उत्तर दिया है। किन्तु इस ग्रन्थ मे, राधनपुर, थराद् एव जामनगर के भसाली आदि तत्वजिज्ञासु श्रावको द्वारा पूछे गये प्रश्नो के उत्तर हैं। ये प्रश्नोत्तर विस्तृत एव स्थान स्थान पर शास्त्रीय पाठो और साक्षियो से भरपूर हैं।

दोनो ही 'प्रश्नोत्तर' आगम ज्योतिष, परपरा, एवं विधि, आदि अनेक विषयो से संबधित हैं।

६. ज्ञान मंजरी––

यह सत्तरहवी सदी के प्रकाण्ड विद्वान् उपाध्याय श्री यशोविजयजी के सुप्रसिद्ध ग्रन्थ पर ज्ञानसार पर श्रीमद् द्वारा रचित सस्कृत भाषामय अपूर्व टीका है।

यदि ज्ञानसार उपाध्याय यशोविजयजी के प्रौढ आध्यात्मिक ज्ञानरस का अमृतकुण्ड है तो ज्ञानमंजरी उपाध्याय देवचन्द्रजी के परिपक्व आध्यात्मिक जीवनरस की बहती हुई सरिता है। ज्ञानसार और ज्ञानमजरी का सुमेल वस्तुत सोने मे सुगन्ध जैसा है ज्ञानसार पर टीका रचकर श्रीमद् ने वास्तव मे ग्रन्थ की महत्ता एव उपयोगिता को बढाया है। टीका सर्वत्र उपाध्यायजी के भावो का अनुगमन करती हैं। कही कही श्रीमद् ने अपने स्वतन्त्र चिन्तन द्वारा उनके भावो को पुष्ट करने का भी प्रयास किया है। जहाँ, तहाँ प्रयुक्त विषयसबध सूक्तियाँ एव दृष्टान्त विषय को और अधिक स्पष्ट कर देते हैं। ज्ञानसार और ज्ञनमजरी को पढते पढते जो आत्मिक आनन्द का अनुभव होता है वह अवर्णनीय है। शाब्दिक अलकरण की अपेक्षा इसका भाव बड़ा गभीर है। अत. ज्ञानसारग्रन्थ की गहराई तक पहुँचने के लिये इसका अभ्यास, अवश्य करना चाहिये। इसकी रचना जामनगर में सवत् १७९६ की का० सु० ५ को हुई थी।

७. कर्मग्रन्थ-स्तबक–

कर्म के सबध में जिस सूक्ष्मता से जैन दर्शन में विचार किया गया वैसा अन्य किसी भी दर्शन मे नही हुआ। श्वेतांबर और दिगम्बर दानो ही परम्परा मे इस विषय पर विपुल साहित्य लिखा गया है। साधारण लोग भी कर्म फिलोसॉफी के विषय मे कुछ समझे इसके लिये सरल से सरल तरीके अपनाये गए। श्रीमद् ने भी यह बात ध्यान मे रखते हुए श्री देवेन्द्रसूरिकृत पाचो कर्मग्रन्थ (प्राकृत मे हैं) पर भाषा मे एक सरल टबा लिखा है।

८. गुरुगुणषट्त्रिंशिका स्तबक--

गुरु अर्थात् आचार्य, वे सामान्यनया छत्तीसगुण युक्त होते हैं। इन्ही छत्तीस गुणो को छत्तीस तरह से इस ग्रन्थ मे बताया है। मूलग्रन्थ (प्राकृतगाथावद्ध) श्री वज्रस्वामी के प्रशिष्य एव वज्रसेनसूरि के शिष्य द्वारा निर्मित है। इस पर

श्रीमद् ने वर्णनात्मक सुन्दर टबा लिखा है। गुरु के लिये कितनी योग्यता आवश्यक है, इसका पूरा-पूरा खयाल इस छोटे से ग्रन्थ से हो जाता है। अत गुरुपद लेने से पहिले जिज्ञासु आत्मा को एकबार यह ग्रन्थ अवश्य पढना चाहिये।

९. तीनपत्र –

ये तीनो पत्र सूरत की भाग्यशाली श्राविकाये जानकीबाई तथा हरखबाई को लिखे गये हैं। उस समय की स्त्रिया भी द्रव्यानुयोग जैसे गहन विषय मे कितना रस लेती थी—ये पत्र उसकी साक्षी है। आज जैन समाज तत्त्वज्ञान के क्षेत्र मे कितना पिछडा है यह दो सदी पूर्व श्रीमद् द्वारा लिखे गये इन पत्रो को पढने से मालूम होता है।

१०. चौबीसी बालावबोध–

श्रीमद् की अपनी चौबीसी पर ही यह बालावबोध है। इसमे स्तनो की मूल-भावनाओ को विस्तृत रूप से विवेचित किया है। श्रीमद् ने चौबीसी पर स्वय बालावबोध लिखकर अनुवादकर्त्ताओ के लिये सुगमता कर दी है।

११. बाहुजिनस्तवन टबा--

'विहरमान-जिन स्तवन' मे से तृतीय बाहुजिनस्तवन पर श्रीमद् का स्वकृत टबा है। वीसी के एक ही स्तवन पर आपने टबा लिखा यां सब पर लिखा इस विषय की कोई निश्चित जानकारी प्राप्त नहीं है।

श्रीमद् के प्रसिद्ध गद्य-ग्रन्थो पर चर्चा करने के पश्चात् अब उनके कुछ मुख्य मुख्य पद्य ग्रन्थो पर भी थोडा विचार करले।

श्रीमद् की पद्य कृतियाँ--

गद्यकृतियो की अपेक्षा श्रीमद् की पद्य कृतियाँ विशाल सख्या मे हैं। आपने पद्य में लम्बे काव्यो से लेकर सख्याबद्ध छोटे-छोटे गीतिकाव्यो तक की रचना भी की है।

अध्यात्म गीता–

'आत्मा' और 'उसकी मुक्ति'–ये जैन दर्शन के तात्त्विक विवेचन के दो मुख्य मुद्दे हैं। सारा विवेचन इन्ही दो के स्वरूप, साधन, शुद्धता एव अशुद्धता के इर्द-गिर्द घूमता है। प्रस्तुत 'अध्यात्मगीता' ऐसी ही एक आध्यात्मिक रचना है। इसकी शैली दार्शनिक है। इसमे नय, निक्षेप, और प्रमाणो के द्वारा आत्मस्वरूप की विवेचना की गई है। साथ ही धर्म-अधर्म की चर्चा के साथ सत्संगप्रेरणा कर्मबन्ध क्यो और कैसे होता है का विवेचन है। कर्मबध से मुक्त होने के क्या उपाय है। इत्यादि विषयो पर भी इस ग्रन्थ मे सुन्दर विचारणा हुई है।

धर्म-अधर्म की व्याख्या करते हुए श्रीमद् ने सचमुच 'गागर मे सागर' समा दिया है। 'आत्मगुण-रक्षणा तेह धर्म, स्वगुण विध्वसणा ते अधर्म' जैनधर्म की साधना आत्मकेन्द्रित है। आत्मा के उपयोग के बिना चाहे कितनी भी क्रिया क्यो न की जाय, जन्म-मरण के दुखो से छुटकारा नही हो सकता। श्रीमद् के शब्दो मे—

"एम उपयोग वीर्यादि लब्धि, परभावरगी करे कर्मवृद्धि।
परदयादिक यदा सुह विकल्पे, तदा पुण्य कर्म तणो बध कल्पे॥

'आध्यात्मगीता' के भावो का उपदेशक कौन हो सकता है? इसका उत्तर देते हुए तीसरे पद्य मे आपने कहा है कि—

'जेणे आतमा शुद्धताइ पिछाण्यो, तिणे लोक अलोक नो भाव जाण्यो।
आतम-रमणी मुनि जग विदिता, उपदीसु तेण अध्यात्म गीता॥

जगतप्रसिद्ध आत्म-रमणी मुनि ही इसके भावो के उपदेशक है।

आपने पैतालीसवे पद्य मे जैनधर्म को पहिचानकर आत्मानद को प्राप्त करने की सुन्दर प्रेरणा दी है।

'अहो भव्य तुमे ओलखो जैनधर्म, जिणे पामिये शुद्ध अध्यात्म शर्म।
अल्पकाले टले दुष्ट कर्म, पामीये सोय आनन्द मर्म॥'

तीसरे पद्य मे श्रीमद् ने इसका नाम 'अध्यात्म गीता' दिया एव ४९ वे पद्य मे इसका अपरनाम 'आत्मगीता' दिया। इसकी रचना का उद्देश्य बतलाते हुए उन्होने स्वय कहा है कि—

"आत्मगुण रमण करवा अभ्यासे, शुद्ध सत्ता रसी ने उलासे।
'देवचद्रे' रची आत्मगीता, आत्मरगी मुनि सुप्रतीता॥"

आपने इसकी रचना लीबडी के चातुर्मास मे की थी।

'अध्यात्मगीता' वस्तुत. नय-निक्षेप द्वारा आत्मा को जानने और आत्म-स्वरूप के साधन बतलाने मे बहुत ही मूल्यवान् और प्रेरणादायक रचना है। इसका एक-एक पद्य बडा गम्भीर है। यह एक आत्मानुभवी सन्त की स्वत स्फूर्त (Spontonious) सात्त्विक वाणी की अमूल्य प्रसादी है। इस रचना का प्रचार भी खूब हुआ। इसकी बहुतसी हस्तलिखित प्रतियाँ यत्र तत्र भण्डारो मे पाई जाती हैं। एक स्वर्णाक्षरी प्रति भी है। इस पर कईयो ने बालावबोध, टबार्थ आदि लिखे है। इससे स्पष्ट हैं कि इस रचना को कितना लोकादर मिला है।

१. ध्यानदीपिका चतुष्पदी—

यह आपकी सर्व प्रथम कृति है। इसकी रचना स १७६६ मे मुलतान शहर मे, मिठ्ठूमलजी भसाली आदि तत्वरसिक श्रावको के आग्रह से की थी। इसकी रचना के समय आपकी उम्र सिर्फ १९ वर्ष की ही था। धन्य है उस जन्मयोगी

को जिसने १९ वर्ष की लघुवय में, ध्यान जैसे गम्भीर विषय पर बड़ी सफलतापूर्वक लेखनी चलाकर तत्त्वजिज्ञासु श्रावको की जिज्ञासा पूर्ण की। राजस्थानी-पद्यो मे इसकी रचना की गई है।

इस ग्रन्थ में छः खण्ड और अट्ठावन ढाले हैं। इनमे बारह भावनायें, पच-महाव्रत, धर्म ध्यान, शुक्लध्यान, पिंडस्थ, रूपस्थ एवं रूपातीत ध्यान के गूढतत्त्वो पर पूर्ण प्रकाश डाला गया है। ध्यान विषयक भाषा जैनग्रन्थो मे इस ग्रन्थ का विशिष्ट स्थान है।

३. द्रव्य प्रकाश —

यह 'ध्यानदीपिका' से परवर्ती रचना है। यह संवत् १७६७ में बीकानेर मे पूर्वोक्त मिठ्ठूमलजी भंसाली आदि के लिये ही बनाया था। यह व्रजभाषा के दोहे सवैयो मे षट्द्रव्य को निरूपण करने वाली सरल व सरस कृति है। यह सुविदित है कि श्रीमद् की शैली तार्किक व दार्शनिक है। द्रव्यप्रकाश' में आपने प्रश्नोत्तर के रूप मे व्यावहारिक दृष्टान्त एव युक्तियो के माध्यम से षड्द्रव्य का सुन्दर स्वरूप बनाया है। आत्मनिरूपण मे तो आत्मा के सम्बन्ध मे विभिन्न मान्यताओ को रखकर अच्छी दार्शनिक चर्चा प्रस्तुत की है।

वस्तुत· श्रीमद् के हृदय मे मत-फन्द, आग्रह और कदाग्रह की दुर्गन्ध से रहित शुद्ध आत्मस्वरूप ही बसता था। उनकी रग रग मे आत्मरस ही बहता था, अत: उनकी वाणी से सदा यही प्रवाहित हुआ। 'द्रव्यप्रकाश' के अन्तिम पद्य से यह स्वतः स्पष्ट है।

"परसु प्रतीत नाहिं, पुण्य पाप भीति नाहिं,
रागदोस रीति नाहिं, आतम् विलास है।

[चौअन]

साधक को सिद्धि है कि बुज्जवै कु बुद्धि है की,
रजिवै को रिद्धि ज्ञान-भान को विलास है।
सजन सुहाय दुज चन्द ज्यु चढाव है कि,
उपसम भाव यामे अधिक उल्लास है।
अन्यमत सौ अफन्द वन्दत है 'देवचन्द्र',
ऐसे जैन आगम में द्रव्य को प्रकाश है।

४. स्नात्र पूजा—

आपकी स्नात्रपूजा अखिल भारत में प्रसिद्ध है। जब आप गर्भ मे थे तब आपकी मातुश्री ने स्वप्न मे देखा था कि - चौसठइन्द्र मेरुपर्वत पर तीर्थंकर भगवान् का जन्माभिषेक कर रहे है। मानो उस दृश्य को चिरजीवी बनाने के लिये ही आपने 'स्नात्रपूजा' की रचना नहो की हो ? वस्तुत आपकी 'स्नात्रपूजा' इतनी भाव-पूर्ण, प्रभावोत्पादक एव चित्रोपम है कि गाते-गाते एक के बाद एक सारा दृश्य आँखों के सामने सजीव हो उठता है और करनेवालो को लगता है कि वे साक्षात् जन्माभिषेक मे सम्मिलित हो रहे हैं।

यद्यपि श्रीमद् से पहिले भी कवि 'देपाल' ने स्नात्रपूजा (जिसमे रत्नाकरसूरि कृत आदिनाथ कलश और वच्छभण्डारी कृत पार्श्वनाथकलश सम्मिलित हैं) जयमगलसूरि ने महावीर जन्माभिषेक कलश आदि बनाये थे, तथापि जो उच्च एव मधुर भाव-प्रवणता, श्रीमद् की पूजा मे है, वह अन्यत्र दुर्लभ है।

पूरण—कलश शुचि उदकनी धारा,
जिनवर अगे न्हामे।
आतम—निरमल भाव करता,
वधते शुभ परिणामे।

बोलते-बोलते कर्त्ता की शुभ परिणाम धारा सचमुच बढने लगती है,

पुत्र तुम्हारो धणीय हमारो।

तारण-तरण जहाज,

मात जतन करी राखज्यो एहने।

तुम सुत अम आधार,

यह कडी बोलते तो रोमांच हो जाता है। हृदय ऐसे पवित्र एव मधुर भावो से भर जाता है जो वाचातीत है। स्नात्रपूजा के अन्त मे श्रीमद् ने जो कहा कि—

'बोधि-बीज अकूरो उलस्यो ...''अर्थात् इस जन्ममहोत्सव के छन्द को जो भव्यात्मा आदरेगा, उसके हृदय में बोधिबीज (समकित) प्रकट होगा। इसकी सत्यता अर्थ के विवेकसहित स्नात्रपूजा करने वाले भक्त प्रतिदिन प्रमाणित कर रहे हैं।

वस्तुत. श्रीमद् की स्नात्रपूजा अजोड़ और बेजोड है। इसमे भक्ति का जा अखण्डप्रवाह प्रवाहित हुआ वह इतना सघन है कि इसके बाद आज तक जो स्नात्र-पूजाएँ बनी वे आपकी पूजा की आनुवादमात्र ही प्रतीत होती हैं।

५. नवपदपूजा—

भक्ति के क्षेत्र में यह तीन महापुरुषों की एक मधुर प्रसादी है। उपाध्याय यशोविजयजी द्वारा रचित श्रीपालरास के चौथे खण्ड से कुछ ढाले लेकर श्रीमद् ने उन पर उल्लाले लिखे और ज्ञानविमलसूरिजी ने काव्य लिखे इस भाँति इसका निर्माण हुआ। इस पूजा को जैन समाज मे वडा आदर मिला। महोत्सवो आदि मागलिक प्रसंगों मे इस पूजा को प्रथम स्थान दिया जाता है और बड़ी रुचिपूर्वक

पढाई जाती है। धर्मसागर जी की गलत प्ररूपणाओ के द्वारा श्वेताम्बर समाज मे वैमनस्य की जो दरार पड गई थी उसे साँधने का यह एक स्तुत्य प्रयत्न था।

६. कर्मसवेध--

यह ग्रन्थ कर्मग्रन्थ की पूर्तिरूप है। यह मागधी भाषा मे है। यह एक सो चुमोत्तर गाथामय ग्रन्थ है।

७. चौबीसी--

मस्तयोगी आनन्दघनजी की चौबोसी के बाद, तत्त्वज्ञान और भक्ति रस से पूर्ण आपकी ही चौबीसी मानी जाती है। निसन्देह आपकी चौबीसी मे भक्तिरस तो खूब छलका ही है, किन्तु आपकी शंली अन्य कवियो से सर्वथा भिन्न है। मस्तयोगी आनन्दघनजी के स्तवनो में सहज भक्ति प्रवाहित हुई है। उपाध्याय यशाविजयजो की कविता मे प्रेम-लक्षरणा भक्ति का प्राधान्य है। किन्तु आपने अपने स्तवनो मे परमात्मा के वीतराग भाव को अक्षुण्ण रखते हुए, भक्ति की दार्शनिक मीमासा की है। जैनदर्शन के अनुसार परमात्मा वीतराग है। तब उनकी भक्ति का क्या औचित्य हो सकता है। इसकी व्याख्या जिस सफलता के साथ श्रीमद् ने अपने स्तवनो मे को वह अन्यत्र दुर्लभ है। यही उनकी महान् विशेषता एव मौलिकता है।

एक--एक स्तवन एक-एक तीर्थंकर परमात्मा की स्तुतिरूप है। यह श्रीमद् की अत्यन्त लोकप्रिय कृति है। इस पर अनेक विद्वानो ने टीकाएँ लिखी हैं।

८. अतोत चौबीसी-

यह अतीत-कालीन केवल ज्ञानी आदि इकवोस तीर्थंकर भगवन्तो का स्तवना रूप इकवोस-भजनो का सग्रह है। इसमे भी भक्ति रस के साथ-साथ जैनतत्त्वज्ञान

कूट-कूट कर भरा है। चौबीस में तीन स्तवनो की कमी है। हो सकता है, इसकी पूर्णता के लिये श्रीमद् को समय न मिला हो।

९. विहरमान-जिन-वीसी-

यह सीमन्धर प्रभु आदि विहरमान बीस तीर्थंकर की स्तवना है। यह भी श्रीमद् की अत्यन्त लोकप्रिय कृति है।

श्रीमद् की ये रचनाये श्रद्धा, भक्ति एव तर्क का अपूर्व त्रिवेणी सगम है। ये स्तवन कल्पना की कोरी उडान मात्र ही नही है, किन्तु स्वानुभव की गहराई से निकले हुए लब्धि वाक्य है इसीलिये तो उनका एक एक शब्द हृदय पर सीधा असर करता है।

१०. वीर-निर्वाण-स्तवन-

इस स्तवन के लिये अपनी ओर से कुछ कहने के वजाय नागकुमार जी मकातो के कथन को उद्धृत कर देना ही अधिक उपयुक्त होगा "भव्य करूण रस थी टपकतु वीर विरहनु ब्यान करतु श्री वीरप्रभुनु स्तवन श्रीमद् ना सर्व काव्यो मां प्रथम उभे तेवु छे। एनी स्पर्धा करी शके तेवा बीजा काव्यो साराय गुर्जर-साहित्यमां गण्या गाठया ज छे, ए एकज काव्य श्रीमद् ने अमरता वक्षे तेम छे।

'नाथ विहुणु सैन्य ज्यूं रे, वीर विहुणो रे सघ।
साधे कुण आधारथी रे, परमानन्द अभग रे॥
वीर प्रभु सिद्ध थया॥

'मात विहुणो वाल ज्यूं रे, अरहो परहो अथडाय।
वीर विहुणा जीवडा रे. आकुल-व्याकुल थाय रे॥
वीर प्रभु सिद्ध थया॥

सुन्दर सरोदोथी गवातु साभली ने कोनी आखोमांथी आसू नहि टपके ? शब्दे-शब्दे कारूण्य छवायु छे ।

११. अष्टप्रवचन माता की सज्झाय–

जैसे माता बडे प्यार से बच्चे का सरक्षण और सवर्धन करती है। वैसे पाच समिति और तीन गुप्ति के पालन से सयम का सरक्षण और सवर्धन होता है। अत ये प्रवचन-मातायें कहलाती है। इन सज्झायो मे समिति-गुप्ति का स्वरूप बतलाते हुए, साधु जीवन के लिये उनका कितना महत्त्व हैं ? इसका आपने बहुत ही आकर्षक ढग से वर्णन किया है। वर्णन इतना सटीक है कि इसको पढने से श्रीमद् के आत्मज्ञान एवं चरित्र की परिपक्वता का सच्चा अनुभव हो जाता है। इन सज्झायो के रूप मे साधु-धर्म का सागोपाग निरूपण प्रस्तुत कर दिया।

"जननी पुत्र शुभकरी, तेम ए पवयण माय ।
चारित्र गुण-गण वर्द्धनी, निर्मल शिवसुख दाय ।"

गुप्ति उत्सर्ग मार्ग है और समिति इसका अपवाद है। अपवाद मार्ग का सेवन किस स्थिति मे और कहां तक उचित है, इसका इन सज्झायो में स्पष्ट वर्णन किया है। साधु-जीवन की शुद्धि के लिये इनका निरन्तर स्वाध्याय आवश्यक है।

१२. पचभावना-सज्झाय—

श्रुत, सत्त्व, तप एकत्त्व और तत्त्व-ये पाचो भावनाये सयमभाव की प्रबल आधार भूमि है। श्रीमद् ने इन पाचो भावो पर सज्झाय बनाई है जो अत्यन्त महत्वपूर्ण है। सुप्त चिंतन को जगाने के लिये इसका एक-एक शब्द इन्जेक्शन का काम करता है।

श्रुत भावना का वर्णन करते हुए सर्व प्रथम "श्रुत अभ्यास करो मुनिवर सदा रे" कहकर निरन्तर ज्ञानाभ्यास की सुन्दर प्रेरणा दी है।

"पंचमकाले श्रुतवल पण घटयो रे,
तो पण ए आधार ।
'देवचन्द्रे' जिनमत नो तत्त्व ए रे,
श्रुत सू धरज्यो प्यार ।।"

देखिये 'तप-भावना का भावपूर्ण वर्णन—

"जिण साहू तप तलवारथी, सूडयो छे हो अरि मोह गयंद ।
तिण साधु नो हूँ दास छु, नित्य वदु रे तसपय अरविंद ।।"

"धन्य तेह जे धन गृह तजी, तन स्नेह नो करी छेह ।
निसग वनवासे वसे, तपधारी हो ते अभिग्रह गेह ।।"

महान् साधक भी आपत्ति के समय (सत्त्वहीनता के कारण) धैर्य खो देते हैं। अत: उनके लिये श्रीमद् ने 'सत्त्वभावना' की सज्झाय के रूप में महान् उद्बोधन दिया है। यदि उसका नित्य मनन किया जाय तो रग....रग मे सात्विक साहस का अवश्य सचार होता है।

रे जीव ! साहस आदरो, मत थाओ दीन ।
सुख-दुख सपद आपदा पूरव कर्म अधीन ।।

स्वजन-परिजन, धन और शरीर के मोह में आत्मा का भान भूलनेवालो के लिये श्रीमद् ने बडा मार्मिक उपदेश दिया है—

'पथी जेम सराय मां, नदी नाव नी रीति ।
तिम ए परियण तो मिल्यो, तिण थी शी प्रीति ।।

चक्री हरि बल प्रतिहरी, तस विभव अमान ।
ते पण काले संहर्या, तुज धनेश्ये मान ।।
तू अजरामर आत्तमा, अविचल गुण राण ।
क्षण-भगुर जड देहथी, तुज किहा पिछाण ।।

देह-गेह भाडा तणो, ए आपणो नाहि ।
तुज गृह आत्तम ज्ञान ए, तिण माहे समाहि ।।

बाह्य-सग-परिग्रह का त्याग कर देने पर भी "एगोऽह नत्थि में कोई" —मैं अकेला हू, मेरा कोई नही है ।" इस भावना की वास्तविक परिणति हुए बिना आन्तरिक ममत्त्व दूर नही होता । 'एकत्वभावना' की सज्झाय मे उसी ममत्त्व को दूर करने के लिये एक-एक गाथा के रूप मे एक-एक इन्जेक्शन लगाया है ।

"आव्यो पण तू एकलो रे, जाइश पण तू एक ।
तो ए सर्व कुटुम्ब थी रे, प्रीत किसी अविवेक रे ।।

परसयोगथी बध छे रे, पर वियोग थी मोख ।
तेणे तजी पर मेलावडो रे, एक पणो निज पोख रे ।।

परिजन मरतो देखी ने रे, शोक करे जन मूढ ।
अवसर वारो आपणो रे, सहु जन नो ए रूढ रे ।।

अपनी एकता का सच्चा भान हो जाने पर आत्मस्वरूप को निखारने के लिये शुद्ध आत्मतत्त्व का चिन्तन करना आवश्यक है । तत्त्वभावना की सज्झाय मे आपने इसी बात पर जोर दिया है । इन भावनाओ का महात्म्य—श्रीमद् के शब्दो मे—

"कर्म कतरणी शिव निसरणी, ध्यान ठाण अनुसरणी जी ।
चेतनराम तणी ए घरणी, भव-समुद्र दुःख हरणी जी ।।

१३. गजसुकुमाल-सज्झाय—

इस सज्झाय की तीन ढाले है। प्रथम ढाल में श्री कृष्ण के छोटे भाई गजसुकुमाल का भगवान् नेमिनाथ का उपदेश सुनकर वैरागी बनने का वर्णन है। दूसरी ढाल में माता देवकी और गजसुकुमाल के राग-विराग का द्वन्द्व और अन्त में कुमार का विजय होना है। तीसरी ढाल में कुमार की दीक्षा और साधना का वर्णन है। भगवान् का उपदेश सुनकर गजसुकुमाल को वैराग्य हो जाता है, इसका वर्णन श्रीमद् के शब्दों मे—

"नेमि वचन जाग्यो वडवीर धीर वचन भाखे गम्भीर।
देहादिक ए मुजगुण नाहि, तो केम रहेवु मुज ए माहि॥

जेह थी बंधाये निजतत्त्व, तेह थी संग करे कुण सत्त्व।
प्रभुजी रहेवु करी सुपसाय, हुँ आवु माता समजाय॥

गजसुकुमाल जिन शब्दो में माता से अनुमति मांगते हैं वे उनके तीव्र वैराग्य के सूचक है।

'माताजी अनुमति आपीये, हवे मुझ एम न रहाय रे।
एक खिण अविरत दोष नी, बातडी वचन न कहाय रे॥

माता सयम की दुष्करता दिखाकर बालक को रोकना चाहती है, तब गजसुकुमाल ने जो कुछ कहा वह वड़ा मार्मिक है। उसके आगे माता के कुछ कहने का अवकाश ही नही रखा।

'मातजी निजघर आगणे, बालक रमे निरबीह रे।
तेम मुज आतम धर्म में, रमण करतां किसी बीह रे॥'

नेमथी कोई अधिको हुवे, मानीये तास वचन्न रे।
माताजी काई नवि भाखिये, माहरे सयमे मन्न रे॥

अन्त मे गजसुकुमाल दीक्षा ले लेते हैं और प्रभु से शीघ्र ही मोक्ष मिलने का उपाय पूछते है। तब भगवान् उन्हे एकरात्रि की प्रतिमा स्वीकारने को कहते हैं। भगवान् की आज्ञानुसार शिवरसिक बालमुनि श्मशान मे जाकर कायोत्सर्ग, मे लीन हो जाते हैं। उनके भावी ससुर 'सोमिल' को जब इस बात का पता पडा तो वह वडा क्रुद्ध होता है और प्रतिशोध की भावना से मुनि को ढूँढता हुआ वहा पहुँच जाता है। क्रोधावेश मे सोमिल भान भुला हुआ था अतः वह पास ही तालाब से गोली मिट्टी लाकर बालमुनि के सिर पर सिगडीनुमा बनाकर उसमे जलते हुए अंगारे रख देता है। देह धर्म व आत्मधर्म को भलो-भाँति पहिचानने वाले महामुनि की उस असह्य पीडा मे भी भावना देखिये—

दहनधर्म ते दाह जे अगनि थी रे,
हुं तो परम अदाझ अगाह रे।
जे दाझे ते तो माहरो धन नथी रे
अक्षय चिन्मय तत्त्व प्रवाह रे॥

१४. प्रभंजना-सज्झाय—

इसमे विद्याधर कुमारी प्रभजना के अचानक जीवन-परिवर्तन का रोचक वर्णन है। प्रभजना के स्वयवर की तैयारी हो रही है। वह एक हजार सखियो के साथ घूमने जा रही है। रास्ते मे अचानक सुव्रता साध्वीजी सपरिवार उनको मिलती है। शिष्टाचार के नाते कन्याये उन्हे नमस्कार करती हैं।

कन्याओ का अपूर्व उल्लास देखकर साध्वीजी उन्हे उसका कारण पूछती हैं। तब कन्या कहती है कि—

"विनये कन्या वीनवे, वर वरवा इच्छे रे लो।"

त्यागी आर्या को इससे वडा आश्चर्य होता है और वे कहती है कि—

'एश्यो हित जाणो तुमे, एथी नवि सिद्धि रे लो।
विषय हलाहल विष जिहा, शी अमृत बुद्धि रे लो ॥'

प्रभजना की आत्मा आसन्नभावी है। अत. वह साध्वीजी की बातो का मर्म बडी गम्भीरता से जानने मे लीन है। यही कारण है कि सखी के यह कहने पर कि– "अभी तो जो सोचा है, वह करो। बाद में धम की बात सोचना।" प्रभजना झट से कह देती है कि—

'प्रभजना कहे हे सखी, ए कायर प्राणी रे लो।
धर्म प्रथम करवो सदा, 'देवचन्द्र' नी वाणी रे लो ॥

चतुर साध्वीजी भी अपने कथन का प्रभजना के दिल मे असर होता देखकर उसे संसार की असारता, सबधों को अनित्यता और आत्मा की नित्यता बताती हैं। इससे प्रभजना की सुप्त चेतना एकदम जाग उठती है।

"आयो आयो रे अनुभव आत्तमचो आयो।"
शुद्धि निमित्त अवलबन भजतां, आत्मालबन पायो रे ॥

ज्ञानधारा मे आगे बढते–बढते अन्त में उसे केवल ज्ञान हो जाता है। हजार सखियां भी वहा ही दीक्षित हो जाती हैं। सारा वर्णन तत्त्वज्ञान से भरपूर होने के साथ–साथ बडा सजीव है। सज्झाय–पाठक अध्यात्म रस के आस्वादन के साथ दृश्य का साक्षात्कार भी करता जाता है।

१५. साधुपद स्वाध्याय––

इस शीर्षकवाली दो सज्झाये हैं। एक तो 'जगत् मे सदा सुखी मुनिराज और दूसरी 'साधक साधज्यो रे' है। इसमे श्रीमद् ने साधु को ऋजुता और समता की साधना से निस्पृह, निर्भय, निर्मम और पवित्र बनकर आत्म साम्राज्य (मोक्ष)

प्राप्त करने की सद्शिक्षा दी है। दोनो मे साधुजीवन के सुखो का अनुभव गम्य वर्णन किया है। उसमे से कुछ उद्गार ये हैं।

जगत् मे सदा सुखी मुनिराज ।।टेर।।

पर विभाव परिणति के त्यागी, जागे आत्म समाज,
निजगुण अनुभव के उपयोगी, जोगी ध्यान जहाज।

निर्भय, निर्मल, चित्त निराकुल, विलगे ध्यान अभ्यास,
देहादिक ममता सवि वारी, विचरे सदा उदास।।

हेय त्यागथी ग्रहण स्वधर्म नो रे, करे भोगवे साध्या,
स्वस्वभावरसिया ते अनुभवे रे, निजसुख अव्याबाध।

निस्पृह, निर्भय, निर्मम, निरमला रे, करता निज साम्राज्य,
देवचन्द्र आणाये विचरता रे, नमिये ते मुनिराज ।।

अन्य–उपलब्धकृतियाँ

(१) एकवीशप्रकारी पूजा (२) अष्ट प्रकारी पूजा (इसका स्वोपज्ञ टव्वा भी है) (३) सहस्त्रकूट जिनस्तवन (४) आनन्दघनचौवीसी मे 'ध्रुवपदगामी हो स्वामी माहरा' से प्रारभ होनेवाला पार्श्वनाथ प्रभु का स्तवन और (५) वीर जिणेसर चरणे लागु यह महावीर प्रभु का स्तवन ये दोनो ही श्रीमद् के ही बनाये हुए है। योगीराज ज्ञानसारजीकृत आनदघन चौवीसी के बालावबोध से यह स्पष्ट है।[1] इनके अतिरिक्त प्रस्तुत सग्रह' की (....) रचनाये हैं। इस प्रकार श्रीमद् ने श्रुतज्ञान का खूब सेवा की है। कुछ आपकी अमुद्रित कृतिया भी यत्र तत्र भडारो मे उपलब्ध होती हैं।

---

१. देखो नाहटाजीकृत ज्ञानसार ग्रन्थावली का जी० पृ० ६६ से १०२.

अमुद्रित कृतियाँ

(१) अध्यात्मप्रबोध (हितविजय प०, घाणेराव), इसकी नकल नाहटा लाइब्रेरी, बीकानेर में है) (२) अध्यात्मशान्तरस वर्णन (३) उदय-स्वामित्त्व पचाशिका (खरतरगच्छ ज्ञानभंडार, जयपुर) (४) तत्त्वावबोध ('विचारसार' मे इसका उल्लेख है) (५) दण्डक बालावबोध (नाहटा भंडार, बीकानेर) (६) कुंभ-स्थापना भाषा (खरतरगच्छ ज्ञानभंडार, जयपुर) (७) सप्तस्मरण टब्बा (८) देशनासार (९) स्फुट प्रश्नोत्तर।

इनके अतिरिक्त श्रीमद् की अन्य कोई कृति किसी को कही उपलब्ध हुई हो तो अवश्य सूचित करें।

श्रीमद् की कृतियों पर अन्यकृत बालावबोध विवेचन आदि—

श्रीमद् की अध्यात्मगीता पर सर्वाधिक कार्य हुआ। इस पर एक भाषा टीका (बालावबोध) श्रीमद् आनंदघनजी की चौबीसी और पदो पर विवेचन लिखने वाले मस्तयोगी ज्ञानसारजी ने सं० १८८० की आषाढ सुदी १३ को बीकानेर में बनाई थी। ज्ञानसारजी अध्यात्म-मर्मज्ञ विद्वान् सन्त थे। बालावबोध के प्रारम्भ और अन्त में इस रचना का महत्त्व और गुण वर्णन करते हुए उन्होंने लिखा है—

खरतर आचारज गणे दीपचन्द तसुसीस।
देवचन्द्र चन्द्रोदयी सवेगिक तनु सीस॥
जिन वचनामृत पानकर रचना रची रसाल।
क्यो न होहि जल सीचना, हरी तरून की डाल॥
अध्यातम-गीताकरी करी विवरण नही कीन।
आग्रह ते विवरण करूं, पै मति ते अति छीन॥
आशय कवि को अति कठिन, अति गभीर उदार।
वज्र उदधि सुरमणि रमणि, उपमेयोपम धार॥

स्थान-स्थान पर ज्ञानसारजी ने अपनी लघुता बताते हुए, स्वतन्त्र समालोचना भी की है। अपनी समालोचना मे उन्होने श्रीमद् को महापण्डित, महाकविराज आदि विशेषणो द्वारा संबोधित किया है और यहाँ तक लिखा है कि- 'ए वर्तमान त्रिस्से वरसो ना काल मा एहवा कविराजान अन्य थोड़ा गिणाय तेहवा थया नै जाणपणो पण अति विशेष हतू नै हूं महामंद बुद्धि शास्त्र नो परिज्ञान किमपि नहि तेहथी छोटे मु हे मोटाओनी वात किम लिखाय पण श्रावक ने अति आग्रह मे टब्बो करवा माडयो।" ज्ञानसारजी का यह वालावबोध मर्मस्पर्शी और बोधदायक है।

ज्ञानसारजी के बाद तपागच्छ के अमी कुंवर जी ने स० १८८२ की आपाढ वदी २ को पाली नगर की श्राविका लाडूबाई के पठनार्थ बालावबोध की रचना की जो कि 'अध्यात्म ज्ञानप्रसारक मडल' पादरा से स० १९७८ मे श्रीमद् के 'आगमसार' के साथ प्रकाशित हो चुका है। तीसरा टब्बा सूरत मे श्री मोहनलालजी के ज्ञान भडार में है। अज्ञातकर्तृक चौथा टब्बा "देवचन्द्र भाग-२" मे प्रकाशित है।

कुछ ही वर्षो पूर्व इस पर गुजराती विवेचन मुनि श्री कलापूर्ण विजयजी (अभी वागड सम्प्रदाय के आचार्य हैं) ने लिखा जो डा० उमरसी पूनसी देढिया ने अजार से प्रकाशित किया है। हिन्दी भाषा में इसका सरल और सक्षिप्त विवेचन श्री केशरीचन्दजी घूपिया का स० २०२६ में कलकत्ता से प्रकाशित हुआ जिसमे विद्वान् मनीषी श्री अगरचन्दजो नाहटा ने भूमिका लिखी है।

श्रीमद् को स्नात्रपूजा पर प्रथम हिन्दी अनुवाद श्री चन्दनमलजी नागोरी ने व दूसरा श्री उमरावचन्दजी जरगड ने किया। ये दोनो ही अनुवाद जिनदत्तसूरि सेवा सघ बम्बई से प्रकाशित हो चुके हैं। श्रीमद् की 'वत्तमान चौवीसी' का भी सक्षिप्त हिन्दी अनुवाद जरगड़ जी ने ही किया है। वह भी उक्त सस्था से ही प्रकाशित है।

श्रीमद् की अतीत चौबीसी पर श्रावकवर्य मनसुखलालजी ने सं० १९६५ में दाहोद मे गुजराती मे बालावबोध बनाया। इसमें श्रीमद् द्वारा रचित २१ ही स्तवन हैं, मनसुखभाई ने तीन स्तवन स्वय बनाकर चौबीस की पूर्ति की है। वीसी का अनुवाद मनसुखभाई के ही सहयोगी व शिष्य श्री सन्तोकचन्द्रजी ने सं० १९६६ में दाहोद मे किया। ये दोनो 'बालावबोध' स० १९६७ में 'सुमति प्रकाश' ग्रन्थ मे प्रकाशित हो चुके हैं। इसके बाद बीकानेर से अलग-अलग रूप मे क्रम से सं० २००६ व २००७ मे प्रकाशित हुए।

श्रीमद् के आगमसार का हिन्दी अनुवाद बहुत वर्षो पूर्व योगीराज श्री चिदानन्दजी महाराज ने किया था, जिसे जमनालालजी कोठारी ने अभयदेवसूरि ग्रन्थमाला से प्रकाशित करवाया था। इसके बाद विद्ववर्य आनद सागर सूरीश्वरजी कृत हिन्दी विवेचन के साथ प्रस्तुत ग्रन्थ सैलाना (म० प्र०) से प्रकाशित हुआ। नयचक्रसार का हिन्दी रूपान्तर फलोदी से प्रकाशित हुआ है।

'साधु पद स्वाध्याय' नामक दोनो सज्झायो पर योगीराज ज्ञानसारजी ने हिन्दी भाषा मे विद्वत्तापूर्ण एव समालोचनात्मक विस्तृत टब्बा लिखा है। इसके आधार पर संक्षिप्त हिन्दी भावार्थ केशरीचन्दजी धूपिया ने तैयार किया, जो श्रीमद् देवचन्द्र ग्रन्थमाला कलकत्ता से 'पंच भावनादि सज्झायसार्थ मे प्रकाशित हुआ हैं। 'अष्टप्रवचनमाता सज्झाय' पर गुजराती अनुवाद एवं 'पंचभावना सज्झाय पर 'अज्ञातकर्तृक टब्बा है। स० २०२० मे दोनो पर नेमिचन्द्रजी जैनकृत हिन्दी भावार्थ कलकत्ता से प्रकाशित हुआ है।

'बड़ी साधु-वदना' का स्थानकवासी समुदाय मे वहुत आदर हुआ हैं। वे लोग इसके ४-५ संस्करण निकाल चुके है। स० २००९ मे श्री मधुकर मुनिजी के अनुवाद व कवि श्री अमरचन्द्रजी की भूमिका सहित एक सस्करण निकाला है।

श्रीमद् की 'बीसी' के एक स्तवन पर पडित सुखलालजी ने अनुवाद लिखा है, जो काशी से प्रकाशित हुआ था।

इनके अतिरिक्त यदि किसी को श्रीमद् की किसी कृति पर, अनुवाद या विवेचन उपलब्ध हो तो कृपया, अवश्य सूचित करे।

श्रीमद् की भाषा-शैली—

राजस्थानी तो आपकी मातृ-भाषा ही थी। संस्कृत-प्राकृत में आपने पाण्डित्य हासिल किया था। अन्य भाषाओ का ज्ञान तो जैसे-जैसे आपका भ्रमण क्षेत्र विस्तृत होता गया वैसे-वैसे बढता गया तथा रचनाओ में उन को स्थान मिलता गया।

श्रीमद् की र नाओ को भाषा की कसौटी पर कसने से पहिले एक बात ध्यान मे रखना अत्यावश्यक है, तभी उनके प्रति न्याय किया जा सकता है। श्रीमद् केवल लेखक या कवि ही नही थे। वे अध्यात्मज्ञानी सन्त थे। अत रचना करने का उनका ध्येय पाण्डित्य-प्रदर्शन का या मात्र वाह... वाह लेने का नही था किन्तु साधारण लोग भी तत्त्वज्ञान मे रस ले सके, इसलिये उसे सरल से सरल रूप मे प्रस्तुत करने का था। यही कारण है कि सस्कृत और प्राकृत के प्रकाण्ड विद्वान् होते हुए भी आपने कुछ रचनाओ को छोडकर सभी रचनाये भाषा में की।

आपकी सस्कृत और प्राकृत छोटे-छोटे वाक्यो और प्राय समास रहित छोटे २ पदो के कारण वडी सरल है। अनर्थक अलकरण और पाडित्य प्रदर्शन के झूठे मोह मे भावो की गरिमा कम करने की कही भी कोशिश नहीं की गई।

भाषा-ग्रन्थों मे, आपकी पूर्ववर्ती रचनायें तो राजस्थानी या पुरानी हिन्दी मे हैं किन्तु परवर्ती रचनाये गुजराती मे या गुजराती-बहुल है। कारण १७७७ से अन्तिम समय तक अर्थात् ३३-३४ वर्ष के दीर्घकाल तक आप गुजरात में ही विचरते

रहे। अत. रचना मे गुजराती का आना स्वाभाविक ही था। भ्रमणशील-जीवन होने के नाते अन्य भाषाये जैसे मराठी, अपभ्रंश, व्रज इत्यादि के शब्दो का भी प्रयोग होना स्वाभाविक ही था।

आपकी स्नात्रपूजा स्तवन-एव सज्झायो मे प्रयुक्त तुमचो, अमचो, अम इम अभिसेस 'उच्छम' इत्यादि शब्द मराठी और अपभश के हैं। 'द्रव्यप्रकाश' तो व्रजभाषा बहुल ही है। देखिये श्रीमद् की ब्रजभाषा पटुना—

आपको न जाने, परभाव ही को आपा माने,
गहि के एकात-पक्ष माच्यो हे गहल मे।
भरम में पर्यो रहे, पुन्यकर्म ही को चेह्न,
वहे अहंबुद्धि भाव, थभ ज्यु महल में।
कुगतिसु डरे सद्गति ही की इच्छा करे,
करनी मे थिर हो के चाहे मोक्ष दिल मे,
स्याद्वाद भाव बिनु ऐसो जो मिथ्यात्त्व भाव।
हेयरूपी कह्यो ज्ञानभाव के अदल में,

इस प्रकार श्रीमद् का भाषा-ज्ञान विस्तृत है। कही कही तो एक ही गाथा मे गुजरातो, सस्कृत-तत्सम, प्राकृत एव राजस्थानी का सफल प्रयोग किया है। देखिये—

श्री तीर्थपत्तिनो कलस मज्जन, गाइये सुखकार।
नर-खित्त मंडण दुह विहंडण, भविक मन आधार॥

'तीर्थपत्ति नो' में गुजराती प्रत्यय है। 'मज्जन संस्कृत तत्सम शब्द है। 'खित्त' 'दुह' और 'विहंडन' प्राकृत है, शेष सब राजस्थानी है। संस्कृत प्राकृत के प्रकाण्ड विद्वान् होते हुए भी हिन्दी, राजस्थानी एव गुजराती मे लिखकर आपने

भाषा-साहित्य की विपुल सेवा की है तथा भाषा विज्ञान की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण सामग्री प्रस्तुत की है। जन्मजात राजस्थानी होते हुए भी गुजराती भाषा मे आपकी परिपक्वता आश्चर्यजनक हैं।

आपके गद्य और पद्य दोनो ही भाषा की क्लिष्टत्ता और कृत्रिमता से दूर सरल और भाववाही हैं। आपकी शैली सरल, सुबोध टकसाली सोना हैं। जो कुछ कहना है, उसे अल्प और अनुरूप शब्दो मे कह दिया है। कही भी दिखावे को स्थान नही है। गुजराती गद्य के व्यवस्थित विकास से देढ (१५०वर्ष) सदी पूर्व सफलता के साथ गद्य लिखकर गुर्जरगिरा पर आपने अनहद उपकार किया है।

श्रीमद् का संगीत ज्ञान—

आबाल-गोपाल को सगीत जितना आकर्षित कर सकता है, उतना और कोई शास्त्र नही कर सकता। भावो को तन्मय कर देने की जो शक्ति सगीत मे है अन्य किसी मे नही। इसीलिये तो भाषा-साहित्यकारो ने जन साधारण को आकृष्ट करने के लिये अपने भावो को विविध राग-रागिनियो मे गूथा है।

श्रीमद् ने भी सगीत की प्रभावशालीता को खूब पहिचाना और अपनी भक्ति, वैराग्य और उपदेश को उन्मुक्त गगा-प्रवाह मे निर्मल गेय-गीतों के रूप मे खूब बहाया है।

आपका राग रागिनी विषयक ज्ञान भी अच्छा था। आशावरी, धन्याश्री, मारू गोडी, होरो, वेलावल, इत्यादि शास्त्रीय (Classical) राग–रागिनियो के साथ गुजराती, मारवाडी मेवाडी आदि देशो मे प्रसिद्ध देशियो का भी अच्छा ज्ञान था।

राग-रागिनियाँ और देशियो के अलावा सस्कृत-प्राकृत और हिन्दी के दोहा, सवैया, कवित्त उल्लाला चौपाई आदि छन्दो के ज्ञान में भी आपने अच्छी निपुणता प्राप्त की थी।

श्रीमद् की कवित्व-शक्ति—

श्रीमद् की रचनाये द्रव्यानुयोग एवं अध्यात्म-प्रधान होने से उनमे अलकारिक काव्य कला का दर्शन यद्यपि पदे पदे नही होता, तथापि भक्ति-स्तवनो के रूप मे जो अमूल्य प्रसादी उन्होंने दी उसमे उनकी कवित्व शक्ति का अच्छा दर्शन हो जाता हैं। तथा उनकी कवित्व-शक्ति को कुछ मौलिक विशेषताये सामने आती हैं।

सर्वोच्च-दार्शनिक तत्त्वो को भी गीतिका मे बाँधकर सहजभाव से सरस बनादेना यह श्रीमद् द्वारा ही सभव हो सका है। आपकी चौबीसी का प्रथम स्तवन 'ऋषभ जिणंदशु प्रीतडी' तर्क, पाडित्य और कवित्व शक्ति का बेजोड नमूना है।

ऋषभ जिणद शु प्रीतडी,
केम कीजे हो कहो चतुर विचार।

इसके द्वारा, प्रभु वीतराग है, उनमे प्रेम कैसे हो सकता है। इस प्रश्न को उपस्थित कर प्रेम करने की सभी सभावनाओ की उत्त्प्रेक्षा करते हुए आगे बढ़ते जाते हैं। किन्तु जैनदर्शन की रीति नीति सबको अस्वीकृत कर देती हैं। फिर स्वय ही चतुर-भाषा में समाधान कर देते है कि—

प्रीति अनती पर थकी, जे तोडे हाते जोडे एह।
परम पुरूषथी रागता, एकत्त्वता हो दाखी गुणगेह॥

आपकी उपमाये वास्तव मे अनुपम हैं। व्यावहारिक-क्षेत्र से संचित किये गये उपमानो को धर्म और दर्शन की व्याख्या के लिये उपयोगी बना लेना श्रीमद् की निजी विशेषता है। साथ ही वे उपमान कितने सटीक हैं, इसका उदाहरण देखिये प्रभु के स्तवन मे—

'बीजे वृक्ष अनततारे लाल, प्रसरे भूजल योगरे वाल्हेसर।
तिम मुज आतम सपदा रे लाल, प्रगटे जिन सयोग रे॥ वाल्हेसर॥

जैसे बीज के अकुरित होने के लिये भू और जल की आवश्यकता है, वसे ही आत्म गुणो के विकास के लिये प्रभु के आलबन की आवश्यकता है। सटीकता यह है कि ' नान्य पन्था " की प्रतीति बीज, वृक्ष और जल के सबध की विशेषत से होती है।

इसी प्रकार अनन्तनाथ स्तवन मे—

भवदव हो प्रभु भवदव तापित जीव,
तेहने हो प्रभु तेहने अमृतघन समीजी।
मिथ्या विप हो प्रभु मिथ्या विष नी खीव,
हरवा हो प्रभु हरवा जागुली मन रमीजी॥

यहा अनन्यता की प्रतीति ताप और वृष्टि, विष और जागुलि (गरूडी) के सबधो के कारण ही है।

आध्यात्मिक पुरजोश (Enthusiasm) से भरपूर आपका दीपावली का रूपकमय वर्णन देखिये—

आज मारे दीवाली थई सार, जिनमुख दीठा थी।
अनादि विभाव तिमिर रयणी मे, प्रभु दर्शन आधार रे॥
जिनमुख दीठे ध्यान आरोहण, एह कल्याणक वातरे।
आतमधर्म प्रकाश चेतना, 'देवचन्द्र' अवदात॥

प्रभु की भक्तिपूर्ण स्तवना के साथ वे वियोग और विछोह के वर्णन को भी भूले नही है। जिस गभीरता के साथ आपने, राजीमती व गौतम के शब्दो मे वियोग का वर्णन किया है, वह साहित्य निधि का अनमोल रत्न है। वीरप्रभु निर्वाण स्तवन मे उनकी विरह-व्यथा देखिये—

मात विहूणो बाल ज्यू रे, अरहो परहो अथडाय।
वीर विहूणा जीवडा रे, आकुल-व्याकुल थाय रे वीरप्रभु सिद्ध थया॥

वियोग का यह वर्णन कितना स्वाभाविक है--

संशय छेदक वीरनो रे, विरह ते केम खमाय ।
जे दीठे सुख उपजे रे, ते विण केम रहेवाय रे ॥
वीरप्रभु सिद्ध थया ....

गौतम स्वामी के शब्दों मे विरह व्यथा–

हे प्रभु मुज वालक भणीजी, स्यें न जणायुं आम ।
मूंकी स्यें मने वेगलोजी, ए निपाव्यो काम
नाथजी मोटो तू आधार॥

वियोगिनी राजुल की, विरह व्यथा देखिये–

"वालाजी वीनतड़ी एक मारी, धीरूं बोले राजुल नारी रे ।
हुं दासो छुं श्री प्रभुजीनी, प्रभु छो पर उपकारी रे ॥१॥

प्रभु के वियोग मे राजुल की दयनीय दशा देखिये । प्रकृति के सुखद भाव भी, उसके लिये दुखदायी हो गये हैं । मेघघटा, पपीहा का पिउ-पिउ बोलना, जलधारा, विजली, मन्द पवन आदि प्रकृति के कोमल रूप उसके लिये कठोर बन गये हैं ।

"आयो री घनघोर घटा करके (२)

रहत पपीहा पिउ पिउ पिउ पिउ सर धरके ॥१॥
वादर चादर नभ पर छाइ, दामिनी दमतकी भरके ।
मेघ गभीर गुहिर अत्ति गाजे, विरहिनी चित्त थरके ॥

व्यवहारिक दृष्टान्तो के द्वारा अपने भावो को स्पष्ट और पुष्ट करने की आपको क्षमता देखिये—

अजकुलगत केसरी लेहरे, निजपद सिंह निहाल ।
तिम प्रभु भक्ते भवि लेह रे, आतम शक्ति संभाल ॥
अजित जिन तारजो रे...........

बकरी के टोले मे पला हुआ सिह शावक अपने स्वरूप को भूल जाता है। किन्तु अपने सजातीय सिंह को देखने से उसे पुन निज रूप का भान हो आता है। उसी प्रकार प्रभु भक्ति से भव्य जीव भी अपनी विस्मृत आत्म शक्ति को पहिचान कर प्राप्त कर लेता है। यहा आत्म शक्ति की स्मृति मे, प्रभु भक्ति के औचित्य के साधक भ्रान्त सिह शावक का दृष्टान्त कितना उपयुक्त है।

संवादो के द्वारा रूपक जैसा आनन्द प्रस्तुत करने मे श्रीमद् सिद्धहस्त है। आपकी प्रभजना, गजसुकुमाल आदि की सज्झाये इसके ज्वलन्त उदाहरण है।

अनुप्रास का प्रयोग सर्वत्र स्वाभाविक गति से, सगीतात्मकता का वातावरण उत्पन्न करते हैं। कलापक्ष की अपेक्षा आपका भावपक्ष अत्यन्त महत्वपूर्ण है। तत्वज्ञान के बीच बीच सुन्दर कोमल भाव तरगो का स्पन्दन हृदय को आह्लादित कर देता है। आपकी रचनाओ मे अर्थगौरव की विशेषता है। वे पाठको के मानस-पटल पर उन विचारो को अकित कर देना चाहते थे, जिनसे वह साधारण मानव की तुच्छ-प्रवृत्तियो से परे हो जाय और उसे स्वयं अपने व्यक्तित्व को उदात्त बनाने की प्रेरणा प्राप्त हो।

श्रीमद् की कविता गगाजल की तरह अस्खलित गति से बहती हुई कही भाव या रस की धारा बहाती है तो कही प्रशात सरोवर के समान स्थिर और गभीर होकर मानव जीवन की विश्राति की छाया दिखाती है सचमुच आपकी कविता मे हृदय की सच्ची स्वाभाविक प्रेरणा भरी पडी है। आपकी वाणी आपके व्यक्तित्व की गरिमा से ओतप्रोत है।

श्रीमद् की भक्त दशा—

श्रीमद् उच्चकोटि के परमात्मभक्त महात्मा थे। आपने अपने स्तवनो में भक्तिरस को खूब बहाया। किन्तु श्रीमद् की भक्त दशा पर विचार करने से पूर्व

उनकी भक्ति–पद्धति के बारे मे कुछ विचार कर लेना ठीक रहेगा। क्योंकि उनकी शैली अन्य कवियों से सर्वथा भिन्न है। उनकी भक्ति पर जैन - तत्वज्ञान का गहरा प्रभाव नजर आता है। फलत. आपकी भक्ति मे, दूसरे कवि जैसे भावावेश में जैनत्व को भूला गये हैं, वह बात नजर नही आती।

ईश्वर विषयक जैन एवं जैनेतर दृष्टिकोण मे मूलभेद यही है कि वे ईश्वर को एक सृष्टिकर्ता एवं फलप्रदाता मानते हैं। जब कि जैन मान्यतानुसार इस पद का ठेका किसी एक व्यक्ति का नही होता किन्तु कोई भी व्यक्ति साधना द्वारा, आत्म-विकास कर, इस पद को पा सकता है ईश्वरत्व प्राप्त कर लेने पर फिर कुछ करना शेष नहीं रहता। अत: वे न किसी पर रीझते हैं, न किसी पर खीझते हैं। न किसी को तारते हैं, न किसी को रुलाते हैं। प्रत्येक जीव अपने भले बुरे के लिये स्वतन्त्र है। वह अपने ही कर्मों के फलस्वरूप सुख - दु ख को भोगता है एव अपने ही प्रयत्नों द्वारा कर्मो से मुक्त हो स्वयं परमात्मा बन जाता है।

तब प्रश्न होता है कि प्रभु भक्ति क्यों की जाय ? क्योंकि वे वीतराग है। वे न किसी को तारते हैं, न कि किसी को डुबाते हैं।

इसका समाधान यह है कि-कार्यसिद्धि के दो कारण है–एक उपादान, दूसरा निमित्त। यद्यपि मूल कारण तो उपादान ही है, तथापि निमित्त का स्थान भी कार्य-निष्पत्ति में महत्वपूर्ण है। मुक्ति का उपादान कारण तो स्वय आत्मा है, अर्थात आत्मा का प्रयत्न एव पुरूषार्थ है किन्तु प्रभु भक्ति आदि आत्म शुद्धि मे निमित्त होने के नाते अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उपादान की शुद्धता एव विकास के लिये निमित्त का अवलम्बन आवश्यक है और वही भक्ति का अवकाश है। प्रभु से हमे न कुछ लेना है न कुछ मांगना। किन्तु उनका दर्शन कर अपने स्वरुप का दर्शन करना है। उनका गुणगान कर अपने गुणों को संवारना है। उनके जीवन व उपदेशो से प्रेरणा ग्रहण

कर हम अपने आत्म विकास का मार्ग प्रशस्त करना है तथा तदनुरुप जीवन बनाने के लिये प्रयत्नशील होना है।

श्रीमद् की भक्ति पर इस मान्यता का गहरा प्रभाव है। वीतरागता के आदर्श को अक्षुण्ण रखते हुए उन्होने भक्ति की है। श्रीमद् ने अपने स्तवनों मे इस तत्त्व को पुनः पुन. जिस प्रकार स्पष्ट शब्दों में दुहराया है, वैसा अन्य किसी ने प्रकाशित किया हो, नजर नही आता। यही उनकी भक्ति की महान् विशेषता व मौलिकता है। जैसा कि उन्होंने गाया है।

प्रभुजी ने अवलंबता, निज प्रभुता हो प्रगटे गुणगास।
देवचन्द्र नी सेवना, आपे मुज हो अविचल सुखवास॥

प्रभु आलंबन रूप है। उनके निमित्त से अपनी प्रभुता प्रकट होती है। इस गाथा में यही भाव स्पष्ट किया है।

प्रभु के निमित्त से अपने स्वरूप की स्मृति होती है तथा उसे पाने की प्रेरणा मिलती है। इस तत्व को श्रीमद् ने कितनी स्पष्टतापूर्वक व्यक्त किया है। जैसे–

प्रभु प्रभुता सभारता, गातां करतां गुणग्राम।
सेवक साधनता वरे, निज सवर परिणति पाम रे॥

प्रभु दीठे मुज साभरे, परमातम पूर्णानन्द॥

श्रीमद् की भक्ति के आधारभूत मुख्य तीन तत्व है— १ प्रभु की प्रभुता २. अपनी लघुता एवं ३. परमात्मा के प्रति अनन्य समर्पण भाव। उनके स्तवनो मे ये भाव पदे पदे मुखरित हुए हैं। श्रीमद् के हृदय में प्रभु की प्रभुता के प्रति अनन्य श्रद्धा है। प्रभु की प्रभुता अनत हैं। उस अनत प्रभुता को बताने में भी वे असमर्थ है।

"शीतल जिनपति प्रभुता प्रभुनी, मुज थी कहिय न जायजी ।।"

क्योकि सारा विश्व विधान (Cosmic Order) उनकी आज्ञा के आधीन[1] है।

"द्रव्य क्षेत्र ने काल भाव गुण, राजनीति ए चार जी।
त्रास विना जड़-चेतन प्रभुनी, कोई न लोपे कार जी ।।"

अत. उन्हें पूर्ण विश्वास है कि अनत प्रभुता सम्पन्न प्रभु को समर्पित होने में ही उनका कल्याण है।

एम अनंत प्रभुता सद्दहता, अर्चें जे प्रभु रूपजी।
देवचन्द्र प्रभुता ते पामे, परमानद स्वरूपजी ।।
।। शीतल जिन-स्तवन ।।

प्रभु को समर्पित होने में ही सच्चा आनन्द है, यह बतलाते हुए कवि के हृदय की भक्ति धारा फूट पडती है।

मोटा ने उत्संग, बैठा ने सी चिन्ता।
तिम प्रभु चरण पसाय, सेवक थया निश्चिन्ता ।।

अर्थात् बड़ो के गोद में बैठे को क्या चिन्ता है? वैसे प्रभु के आश्रय में भक्त निश्चिन्त है।

प्रभु के प्रति उनके श्रद्धा समर्पण मे अन्य किसी को जरा भी अवकाश नही है। उनके तो एक ही साहिब है।

१— अर्थात् प्रभु की ज्ञान-परिणति से विपरीत ससार का कोई भी पदार्थ चाहे वह जड़ हो, चाहे चेतन हो, कदापि परिणत नही होता।

"तुज सरिखो साहेब मल्यो, भाजे भव-भ्रम टेव लाल रे।
पुष्टालंबन प्रभु लही, कोण करे, पर सेव लाल रे॥

श्रीमद् मे आत्म-लघुत्ता का भाव कूट कूट कर भरा है। वे अपने दोषों-अवगुणो को बिना किसी हिचकिचाहट के प्रभु के सम्मुख स्वीकार करते हैं तथा अपने उद्धार के लिये प्रभु से, बडे ही मार्मिक शब्दों में विनम्र प्रार्थना करते हैं।

तार हो तार प्रभु मुज सेवक भणी,
जगतमा एटलु सुजस लीजे।
दास-अवगुण भर्यो जाणी पोता तणो,
दयानिधि! दीन पर दया कीजे॥

'तारजो बापजी विरूद निज राखवा,
दासनी सेवना रखे जोशो।"
॥ महावीर स्तवन ॥

प्रभु के प्रति भक्त-कवि का प्रेम कितना सहज है—

"हुँ इन्द्र चन्द्र नरेन्द्र नो, पद न मागु तिलमात।
मागु प्रभु मुज मन थकी, न वीसरो क्षणमात्र॥"

प्रभु के प्रति उनका अनन्य प्रेमानुराग कभी-कभी उन्हे दर्शन के लिये उत्कठित कर देता है, काश! उनके तन मे पाख और चित्त मे आंख होती!

"होवत जो तनु पाखडी, आवत नाथ हजूर लाल रे।
जो होती चित्त आखडी, देखण नित्य प्रभु नूर लाल रे॥

भक्त कवि की कोमल-भावनाओं का माधुर्य देखिये—

"प्रभु जीव-जीवन भव्यना, प्रभु मुज जीवन-प्राण ।
ताहरे दर्शने सुख लहुं, तूं ही ज गति स्थिति जाण ॥
धन्य तेह जे नित प्रह समे, देखे श्री जिनमुख चद ।
तुज वाणी अमृत रस लही, पामे ते परमानद ॥"

प्रभु को पाकर उनकी सारी मिथ्या वासना एव वितृष्णा दूर हो गई है । उन्हे और कुछ भी नही चाहिये—

"दीठो सुविधि जिणंद, समाधिरसे भर्यो हो लाल ॥ स. ॥
भास्यो आतमस्वरूप, अनादिनो वीसर्यो हो लाल ॥ अ. ॥

कवि केवल भगवद् स्वरूप को ही भक्ति का आधार मानकर नही चल रहे हैं। अपितु प्रभु के सौन्दर्य-निरूपण को भी भक्ति का अग मान कर वर्णन करते हैं ।

"जिनजी तेरा भाल विशाला
सित अष्टमी शशी सम सुप्रकाशा, शीतल ने अणियाला ।
× × ×
"अति नीके भ्रू जिनराज के ।
अक रत्न द्युति सब हारी, श्याम सुकोमल नाजुके ।"
× × ×
"हुं तो प्रभु ! वारी छु तुम मुखनी
भ्रमर अर्ध शशी, धनुह कमल दल, कीर हीर पूनम शशी की ।
शोभा तुच्छ थई प्रभु देखत, कायर हाथ जेम असिनी ॥"

भ्रमर से लेकर पूनम शशि तक के आठ उपमान एक ही पंक्ति मे देकर कवि ने अपने अनूठे रचना कौशल का परिचय दिया है। ये उपमान क्रमश. प्रभु के केश, भाल, भ्रू, नेत्र, नासिका, दात एव मुख के लिये प्रयुक्त हैं। नारी का

सौन्दर्य मदमस्त करता है किन्तु प्रभु का सौन्दर्य "न वधे विषय विराम" का एक अद्वितीय उदाहरण है ।

श्री सिद्धाचल, गिरनार, सम्मेत शिखर आदि पवित्र तीर्थस्थलो के प्रति आपके हृदय मे अनन्य भक्ति थी । अपने इस भक्तिरस को स्तवन-स्तुतियो के द्वारा आपने खूब छलकाया है ।

वस्तुत. श्रीमद् की भक्त दशा अत्यन्त उच्चकोटि की है ।

ऊँच्चआत्मदशा, अद्भूत वैराग्य, एवं निजानंद मस्ती:

व्यक्ति के उद्गार उसके अन्तरग भावो के परिचायक होते हैं। हृदय से निसृत उद्गारो मे कभी कृत्रिमता नही होती। कविता कवि हृदय का दर्पण है। भक्त की स्तवना भक्त का हृदय है। ज्ञानी के ग्रन्थ उसका अन्तरंग जीवन है। अत: श्रीमद् के ग्रन्थो, स्तवनो एवं स्वाध्याय पदो से यह स्पष्ट अनुभव होता है कि श्रीमद् की आत्मदशा अत्यंत उच्चकोटि की थी। शरीर, इन्द्रिय और मन पर उनका गजब का काबू था। उनके विषयराग और कामराग की ज्वालाये शान्त हो गई थी। वे सतत अप्रमत्तदशा मे रमण करते थे। यही कारण था कि उनका आत्म-जीवन मस्तीपूर्ण एव आनन्दमय था। उस आनन्द की मस्ती मे उनके जो उद्गार निकले वे वैराग्य की खुमारी और अनुभव ज्ञान की लाली से अतिदीप्त हैं। देखिये उनके आत्मदशा के उद्गार—

"आरोपित सुख भ्रम टल्यो रे भास्यो अव्याबाध ।
समर्यो अभिलाषी पणो रे कर्त्ता साधन साध्य ॥"

"इन्द्र चन्द्रादि पद रोग जाणयो,
शुद्ध निज शुद्धता धन पिछाण्यो ।
आत्म-धन अन्य आपे न चोरे, कोण जग दीन वलि कोण जारे ॥"

जिन गुण राग-पराग थी, रे वासित मुज परिणाम रे।
तजशे दुष्ट विभावता रे, सरशे आत्तम काम रे ।।
जिन भक्ति रत चित्तने रे, वेधक रस गुण प्रेम रे ।।
सेवक जिनपद् पामशे रे, रसवेधित अय जेम रे ।।
परमातम गुण स्मृति थकी रे, फरश्यो आतम राम रे ।।
नियमा कंचनता लहे रे लोह ज्युं पारस पाम रे ।।

पौद्गलिक संबंधो से उनकी विरक्ति गजब की थी। देहधारी होते हुए भी वे विदेह थे। वैराग्य की तान में अपने दोषो के लिये आत्मा पर उन्होंने जो चाबुक लगाये एव भविष्य के लिये जो उद्बोधन दिये वे बडे मार्मिक हैं।

"हूं सरूप निज छोडी, रम्यो पर पुद्गले ।
झील्यो उल्लट आणी विषय तृष्णा जले ।
आश्रव बध विभाव करू रूचि आपणी,
भूल्यो मिथ्यावास दोष द्युं पर भणी ।।
अवगुण ढाकण काज करूं जिनमत क्रिया,
न तजूं अवगुण चाल अनादिनी जे प्रिया ।।
दृष्टिरागनो पोष तेह समकित गणुं,
स्याद्वादनी रीत न देखुं निजपणुं ।।

आत्मा को उद्बोधन देते हुए एक पद में कहते हैं,

आतम भावे रमो हो चेतन ! आतम भाव रमो ।
